

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, बुधवार 27 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-15 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-268 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 28 दिसंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

## सौरभ चंद्राकर नजरबंद

### यूएई के अधिकारियों ने कसा शिकंजा

**नई दिल्ली,27 दिसंबर।** महादेव बेटिंग ऐप केस में बड़ा एक्शन लिया गया है. दुबई में महादेव बेटिंग ऐप के मास्टरमाइंड और प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को नजरबंद कर दिया गया है. घोटालेबाज चंद्राकर को जल्द ही भारत लाने की कार्रवाई भी की जा सकती है. दरअसल, संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारियों ने महादेव बुक ऐप बेटिंग प्लेटफॉर्म के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर के खिलाफ ED के अनुरोध पर जारी रेड कॉर्नर नोटिस पर एक्शन लिया है. दुबई में सौरभ चंद्राकर के ठिकाने पर ताला लगाकर उसे नजरबंद कर दिया गया है. बता दें कि दुबई संयुक्त अरब अमीरात का सबसे अधिक आबादी वाला शहर है. आरोपी सौरभ चंद्राकर को बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी जा रही है, क्योंकि ऐसा करने पर वह भाग सकता है. संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारी फिलहाल उस पर निगरानी रख रहे हैं और भारतीय अधिकारियों के उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू करने का इंतजार कर रहे हैं. महादेव बेटिंग ऐप ऑनलाइन सट्टेबाजी के लिए बनाया ऐप है. इस पर यूजर्स पोकर, कार्ड गेम्स, चांस गेम्स नाम से लाइव गेम खेलते थे. ऐप के जरिए क्रिकेट, बैडमिंटन, टेनिस, फुटबॉल जैसे खेलों और चुनावों में अवैध सट्टेबाजी भी की जाती थी. अवैध सट्टे के नटवर्क के जरिए इस ऐप का जाल तेजी से फैला और सबसे ज्यादा खाते छत्तीसगढ़ में खुले. इस ऐप से धोखाधड़ी के लिए एक पूरा खाका बनाया गया था. दरअसल, महादेव बेटिंग ऐप कई ब्रांच से चलता था. हर ब्रांच को सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल फ्रेंचाइजी के रूप में बेचते थे. यूजर को सिर्फ शुरुआत में फायदा और बाद में नुकसान होता. फायदे का 80% हिस्सा दोनों अपने पास रखते थे. सट्टेबाजी ऐप रैकेट एक ऐसी मशीन की तरह काम करता है, जिसमें एल्गोरिदम यह तय करता है कि ऐप में अपना पैसा लगाने वाले केवल 30% ग्राहक ही जीतें.



## महादेव सट्टा एप का एक और मास्टरमाइंड नेपाली गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़

**भिलाई,27 दिसंबर।** भिलाई रासुका और ऑनलाइन सट्टा महादेव एप के अपराधों में फरार कुख्यात आरोपी दीपक सिंग नेपाली को पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। यह शहर में ही रहकर लम्बे समय से पुलिस को चकमा दे रहा था दुर्ग एसएसपी रामगोपाल गर्ग ने बताया कि आरोपी दीपक सिंग नेपाली को कैंप क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। वह नेशनल सिक्योरिटी एक्ट और महादेव ऑनलाइन सट्टा के मामले में आरोपी है। इसके खिलाफ विभिन्न थानों में 13 प्रकरण दर्ज हैं, जिसमें मारपीट, रंगदारी, हाफ मर्डर, लूट, महादेव ऑनलाइन सट्टा समेत अन्य संगीन अपराध वैशाली नगर, सुपेला, छावनी और जामुल थाना क्षेत्र में दर्ज है। एसएसपी ने कहा कि इसके अलावा जो अन्य अपराधी फरार हैं, उन सभी पर दुर्ग पुलिस लगातार कार्रवाई करती रहेगी दुर्ग जिले के विभिन्न थानों में दीपक सिंग नेपाली के खिलाफ कई संगीन आपराधिक प्रकरण दर्ज थे। इस वजह से उसका पासपोर्ट और वीजा नहीं बन पा रहा था। चर्चा है कि उसने दुबई जाने के लिए नेपाल स्थित पैतृक स्थान का सहारा लिया। वहां अपने रिश्तेदार के जरिए पासपोर्ट बनवाया। इसके बाद दिवाली से पहले अपने एक साथी विशाल कुशवाहा के साथ दुबई गया वहां महादेव ऑनलाइन सट्टा के पैनलिस्ट रोहित तिर्की से मुलाकात की महादेव सट्टा ऐप मामले में दुर्ग पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है. लम्बे समय से फरार चले रहे मास्टरमाइंड दीपक नेपाली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी दीपक नेपाली को वैशाली नगर पुलिस और क्राइम ब्रांच ने की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर पकड़ा है.



## संक्षेप

### कांग्रेस पार्षदों की क्रास वोटिंग से नवागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष से छिन गई कुर्सी

**बेमेतरा,27 दिसंबर।** प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के साथ नगर निगम से लेकर नगर पंचायत तक बदलाव की बयार बह रही है. ताजा कड़ी में नवागढ़ नगर



पंचायत के अध्यक्ष अपनी कुर्सी बचाने में असफल साबित हुए. उनके खिलाफ भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस पार्षदों ने मतदान किया. बेमेतरा जिले के नगर पंचायत नवागढ़ अध्यक्ष तिलक घोष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान हुआ. अध्यक्ष तिलक घोष के पक्ष में केवल दो मत प्राप्त हुए हैं, जबकि उनके विरोध में 12 पार्षदों ने मतदान किया. प्रस्ताव पर हुए मतदान के दौरान 15 पार्षदों वाले नगर पंचायत में 14 पार्षद उपस्थित रहे. गौरतलब है कि नगर पंचायत नवागढ़ में कुल 15 पार्षद हैं, जिसमें से 8 पार्षद कांग्रेस से, 6 पार्षद भाजपा से और एक पार्षद निर्दलीय है. कांग्रेस पार्षदों के क्रॉस वोटिंग के चलते अध्यक्ष को अपनी कुर्सी बचाने में असफल रहे. अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव पास होने के बाद सभी पार्षदों ने कैबिनेट मंत्री दयाल दास से मुलाकात कर बधाई दी.

### पाक के साथ बातचीत शुरू करे : फारूक

**श्रीनगर ,27 दिसंबर ।** जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं सांसद फारूक अब्दुल्ला ने चेतावनी दी कि अगर पाकिस्तान के साथ बातचीत के जरिए समाधान नहीं निकाला गया तो भारत का भी गाजा जैसा ही हश्र हो सकता है। अब्दुल्ला ने कहा कि भारत को मामलों को सुलझाने के लिए अपने पड़ोसी पाकिस्तान के साथ बातचीत शुरू करनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी, 'अगर हम बातचीत के माध्यम से समाधान नहीं ढूंढते हैं, तो हमारा भी गाजा और फिलिस्तीन जैसा ही हश्र होगा, जिन पर इजरायल बमबारी कर रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी कहा था, 'हम अपने दोस्त बदल सकते हैं लेकिन अपने पड़ोसी नहीं। अगर हम अपने पड़ोसियों के साथ मित्रवत रहेंगे तो दोनों प्रगति करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि युद्ध अब कोई विकल्प नहीं है और मामलों को बातचीत से सुलझाया जाना चाहिए। फारूक ने सवाल किया, 'संवाद कहां है? उन्होंने कहा, 'नवाज शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनने वाले हैं और वे कह रहे हैं कि हम भारत के साथ बात करने के लिए तैयार हैं, क्या कारण है कि हम बात करने के लिए तैयार नहीं हैं?

### बिहार सरकार ने दिया नए वर्ष का तोहफा

**पटना ,27 दिसंबर ।** बिहार मंत्रिमंडल की हुई बैठक में नियोजित शिक्षकों को सरकार ने नए वर्ष का बड़ा तोहफा दिया। मंत्रिमंडल की बैठक में 'बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली, 2023' को स्वीकृति दे दी गई। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में कुल 29 प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक में 'बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली, 2023' को मंजूरी दी गई। इस नियमावली के गठन के बाद वर्तमान में पंचायतीराज एवं नगर निकाय संस्था अंतर्गत नियुक्त, कार्यरत शिक्षक और पुस्तकालयाध्यक्ष भी इस नियमावली की नियुक्ति प्रक्रिया के माध्यम से राज्य कर्मी के इस नए संवर्ग में शामिल हो सकेंगे।

सरकार का मानना है कि इससे राज्य में प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा के प्रभावी प्रबंधन और शिक्षा में गुणवत्ता में सुधार होने के बाद राज्य में उचित शैक्षणिक वातावरण का निर्माण हो सकेगा। बताया जाता है कि इसका लाभ बिहार के लगभग 4 लाख शिक्षकों को मिलेगा। जल्द ही शिक्षा विभाग की ओर से सक्षमता परीक्षा आयोजित की जाएगी,

## इजरायली दूतावास के बाहर धमाके की जांच एनआईए कर रही

**नई दिल्ली,27 दिसंबर।** इजरायली दूतावास के बाहर मंगलवार शाम को हुए धमाके ने एजेंसियों को अलर्ट कर दिया है। यही वजह थी कि रात तक दिल्ली पुलिस जांच में जुटी रही और बुधवार को सुबह ही एनआईए की टीम जांच के लिए पहुंच गई। उनके साथ नेशनल सिक्योरिटी गार्ड्स यानी एनएसजी के जवान भी थे। वहीं फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वैड ने भी इजरायली दूतावास के बाहर जांच की। मौके पर मौजूद रहे कुछ लोगों से भी पूछताछ की गई है कि उन्होंने कुछ संदिग्ध तो नहीं देखा था। दिल्ली पुलिस ने कल रात को धमाके की पुष्टि की थी और कहा था कि यह ऐसे इलाके में हुआ है, जहां गाजा युद्ध के चलते पहले से ही सुरक्षा बढ़ी हुई थी। चाणक्यपुरी इलाके में इजरायल के अलावा कई बड़े देशों के दूतावास हैं। ऐसे में यह घटना चिंता बढ़ाने वाली है। बुधवार को सुबह ही बम निरोधक दस्ते के साथ एनआईए की टीम पहुंची और पड़ताल की है। अब तक हुई जांच में कोई खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन एक लेटर पाया गया है। इसमें इजरायल के राजदूत को संबोधित करते हुए भद्दी गालियां दी गई हैं और अंजाम भुगतने की बात कही गई है। इजरायली दूतावास के कर्मचारी ओहाद नकाश कायनार ने एक्स पर लिखा था कि धमाका हुआ है, लेकिन हमारे सभी राजनयिक और कर्मचारी पूरी तरह से सेफ हैं। दूतावास के एक प्रवक्ता ने कहा था कि यह धमाका 5.48 पर हुआ था। इस बीच इजरायल ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें इजरायली नागरिकों से कहा गया है कि वे भारत में भीड़भाड़ वाले इलाकों में न जाएं। इसके अलावा इजरायल के प्रतीकों का सार्वजनिक प्रदर्शन न करें।

## 14 जनवरी से राहुल गांधी निकालेंगे भारत न्याय यात्रा

**नई दिल्ली,27 दिसंबर।** भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब राहुल गांधी 'भारत न्याय यात्रा' पर निकलने वाले हैं. यह यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू होकर 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी. भारत जोड़ो यात्रा जहां दक्षिण भारत से उत्तर भारत की ओर थी, वहीं भारत न्याय यात्रा पूर्वी भारत से पश्चिम भारत तक होगी. कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि 21 दिसंबर को कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने सर्वसम्मति से राय दी कि राहुल गांधी को पूर्व से पश्चिम तक यात्रा शुरू करनी चाहिए. राहुल गांधी सीडब्ल्यूसी की इच्छाओं को पूरा करने के लिए सहमत हुए. एआईसीसी ने 14 जनवरी से 20 मार्च तक मणिपुर से मुंबई तक 'भारत न्याय यात्रा' आयोजित करने का फैसला किया है. वेणुगोपाल ने बताया कि इस यात्रा में राहुल गांधी युवाओं, महिलाओं और हाशिए पर रहने वाले लोगों के साथ बातचीत करेंगे. यह यात्रा 6,200 किमी की दूरी तय करेगी और 14 राज्यों - मणिपुर, नागालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड से होकर ओडिशा, छत्तीसगढ़, यूपी, एमपी, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र से गुजरेगी. यह



यात्रा पूरी तरह से पैदल नहीं होगी बल्कि हाइब्रिड मोड में होगी. इस यात्रा पर निकले राहुल गांधी आम लोगों से मुलाकात करेंगे और सामाजिक संगठनों के लोगों से भी बातचीत करेंगे. लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस इस यात्रा को अपनी ताकत बढ़ाने के अवसर के तौर पर देख रही है.

## कर्नाटक में भड़का भाषा विवाद प्रदर्शनकारियों ने अंग्रेजी साइनबोर्ड तोड़े

**बेंगलुरु,27दिसंबर।** कर्नाटक में भाषा को लेकर विवाद भड़क उठा है। बुधवार को कई कन्नड़ समर्थक समूहों ने सड़कों पर प्रदर्शन किया और अंग्रेजी में लिखे दुकानों के बोर्ड्स को नुकसान पहुंचाया। हाल ही में आदेश जारी हुए थे कि सभी प्रतिष्ठानों पर लगे साइनबोर्ड्स पर 60 फीसदी कन्नड़ भाषा होना चाहिए। खास बात है कि इससे पहले मुख्यमंत्री सिद्धारमैया भी कर्नाटक में रहने वालों को कन्नड़ सीखने की सलाह दे चुके हैं। बुधवार को राजधानी बेंगलुरु में कई जगहों पर बवाल हुआ। प्रदर्शनकारियों ने केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लेकर सैलून और स्पा समेत शहर के कई प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया। प्रदर्शनों से जुड़े कई वीडियो भी सामने आए हैं, जिसमें नजर आ रहा है कि प्रदर्शनकारी अंग्रेजी में लिखे साइनबोर्ड्स को फाड़ रहे हैं। इस दौरान अंग्रेजी के कई साइबोर्ड्स पर काला रंग भी पोता गया। प्रदर्शनकारियों का मांग थी कि 60 फीसदी कन्नड़ भाषा से जुड़े आदेश को तत्काल लागू किया जाए। अगर वे तब तक आदेश का पालन नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है। सीएम सिद्धारमैया लगातार कन्नड़ भाषा के इस्तेमाल की बात करते रहे हैं। इससे पहले भी उनके पिछले कार्यकाल में बेंगलुरु मेट्रो स्टेशनों के हिंदी नामों पर टेप लगा दिया गया था। उन्होंने अक्टूबर में भी कहा था, 'राज्य में रहने वाली सभी लोगों को कन्नड़ बोलना सीखना चाहिए।' उन्होंने कहा था, 'हम सभी कन्नडिगा हैं। यहां अलग-अलग भाषा बोलने वाले लोग रहते हैं।'

## रामदयाल उइके ने आईएएस डीडी सिंह के खिलाफ खोला मोर्चा

**रायपुर,26दिसंबर।** पूर्व पाली-तानाखार विधायक रामदयाल उइके ने सामान्य प्रशासन विभाग में संविदा में कार्यरत अधिकारी डीडी सिंह के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. उइके ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर अधिकारी को एक्सटेंशन न देते हुए संविदा नियुक्ति को निरस्त करने की गुजारिश की है. पूर्व विधायक रामदयाल उइके ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लिखे पत्र में सामान्य प्रशासन विभाग में सचिव स्तर पर काम कर रहे डीडी सिंह को कांग्रेसी मानसिकता का अधिकारी बताया. उन्होंने कहा कि कटघोरा विधानसभा से कांग्रेस के टिकट के लिए प्रयास करने के अलावा उनके विधानसभा क्षेत्र पाली तानाखार में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार किया, जिससे भाजपा को विधानसभा चुनाव में नुकसान उठाना पड़ा. उइके ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार में बेलगाम हो चुके अफसर अभी भी कांग्रेस परंपरावाली जुगाड़ में लगे हुए हैं. उन्होंने कहा कि यह सब कुछ उस सामान्य प्रशासन विभाग में हो रहा है, जिस पर प्रशासनिक अमले का ट्रांसफर, रिक्त पदों की स्थापना, संविदा नियुक्ति और एक्सटेंशन जैसे मामले में मार्गदर्शन देने जैसे अहम कार्यों की जिम्मेदारी होती है. पूर्व विधायक ने कहा कि डीडी सिंह की पूर्व सरकार के कार्यकाल में सीएम सचिवालय की ताकत सौम्या चौरसिया से काफी नवदीकी रही है. डीडी सिंह एक बार फिर एक्सटेंशन लेने के प्रयास में हैं, जो अभी स्वयं संविदा में है. उइके ने कहा कि उपरोक्त अफसर का संविदा पर एक्सटेंशन दिया जाता है, तो शासन की छवि धूमिल तो होगी ही साथ ही अफसरशाही में जुगाड़ वाले अफसरों की लॉबी फिर सक्रिय हो जाएगी.



## टीएमसी ने भी किया राम मंदिर उद्घाटन से किनारा

**कोलकाता,27 दिसंबर।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन में शामिल नहीं होने का फैसला किया है। सूत्रों के मुताबिक, उनकी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भी समारोह में कोई प्रतिनिधि भेजने की संभावना नहीं है। हालांकि टीएमसी ने आधिकारिक तौर पर अपने फैसले की घोषणा नहीं की है, लेकिन बनर्जी के करीबी पार्टी सूत्रों ने माना कि पार्टी सत्तारूढ़ भाजपा के राजनीतिक आख्यान में शामिल होने से सावधान है। उनका मानना ??है कि भाजपा अपने 2024 के लोकसभा अभियान के लिए राम मंदिर उद्घाटन को एक स्प्रिंगबोर्ड के रूप में उपयोग करना चाह रही है, और टीएमसी दूसरी भूमिका निभाने के लिए तैयार नहीं है। यह घटनाक्रम राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा समारोह के लिए सभी मुख्यमंत्रियों और प्रमुख विपक्षी हस्तियों को निमंत्रण देने की पृष्ठभूमि में आया है। इससे पहले, सीपीआई (एम) के महासचिव सीताराम येचुरी ने



राम मंदिर के उद्घाटन समारोह के निमंत्रण को यह कहते हुए ठुकरा दिया था कि धर्म एक व्यक्तिगत पसंद है जिसे राजनीतिक लाभ के साधन में नहीं बदला जाना चाहिए। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में, येचुरी की पार्टी ने एक धार्मिक समारोह को राज्य प्रायोजित कार्यक्रम में बदलने के लिए भाजपा और आरएसएस की निंदा की। नवनिर्मित राम मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को किया जाएगा, जिसमें प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और 6,000 से अधिक लोगों के भव्य ÷प्राण प्रतिष्ठा÷ समारोह में भाग लेने की उम्मीद है। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने मंगलवार को कहा कि पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे को अगले महीने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या जाने के लिए निमंत्रण की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि शिवसेना का उत्तर प्रदेश के इस शहर से पुराना नाता है। राउत ने दावा किया कि जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 1992 में बाबरी मस्जिद गिराने के लिए शिवसेना को जिम्मेदार ठहराया था तो शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे ने इसकी जिम्मेदार ली थी।

## अवैध धान परिवहन नहीं रुकी तो होगी सख्त कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़

**गरियाबंद,28 दिसंबर।** जिलाधीश आकाश छिकारा आज एकाएक नैनपुर एवं देवभोग क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे जहां उन्होंने बिरी घाट उरुमाल तितल खूंटी के चेक पोस्टों पहुंचकर समस्त कर्मचारियों को उन्हें निर्देशित किया किसी भी स्थिति मे उड़ीसा से अवैध धन परिवहन ना हो इस पर विशेष ध्यान रखें और अगर कहीं अवैध धन परिवहन करते पाए जाने पर उनकी नौकरी खतरे में पड़ सकती है इसलिए प्राथमिकता से 24 घंटा चेक पोस्टों पर चौकसी बरते अवैध धन उड़ीसा से आने वाले वाहनों पर लगातार चौकसी बरते अब आगे कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए दरसल उडिसा से लगातार अवैध धान परिवहन की शिकायतें जिलाधिश आकाश छिकारा को मिल रही थी साथ ही इस तरह की लगातार शिकायतें नवगठित सरकार को भी पहुंच रही थी जिसके चलते सरकार भी इन सब के कारण नाराज थी और सरकार की नाराजगी जिला स्तर तक पहुंची थी । जिसके चलते जिलाधीश ने आज एकाएक मैनपुर एवं देवभोग क्षेत्र का दौरा करते हुए विभिन्न चेक पोस्टों का निरीक्षण कर रहे हैं साथ ही वहां उपस्थित अधिकारियों को कढ़ाई के साथ उडिसा से आने वाले धानो पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दे रहे हैं। उन्होंने कहा उड़ीसा से आने वाले धान बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे जिसकी लापरवाही होगी उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई किया जाएगा। इन चेक पोस्टों से होकर अगर कोई भी धन जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी इस अवसर पर उनके साथ विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे ।साथ ही अधिकारियों ने भी उन्हें बतलाया कि वे सतत प्रयास कर रहे हैं कि अवैध परिवहन ना हो और इसके लिए 32 से अधिक टीमों का गठन किया गया है तथा उड़ीसा और छत्तीसगढ़ सीमा पर चेक पोस्ट बनाए गए हैं जिनमें सतत निगरानी जारी है किंतु कुछ ऐसे भी स्थान है जहां पर सकरा रास्ते होने के चलते छोटे वाहन और मोटरसाइकिल से कभी-कभी धान परिवहन की जानकारी प्राप्त होती है उनके विरुद्ध कार्रवाई किया जाता है अब तक 11 प्रकरण इन अवैध धन परिवहन कर्ताओ के विरुद्ध बनाया गया है और लगभग 1500 बोरा धान जप्त किया गया है। साथ ही साथ वाहनों को जप्त किया गया है। इस तरह लगातार प्रयास किया जा रहा है कि अवैध धन परिवहन ना हो और आगे और शक्ति के साथ इन क्षेत्रों में अवैद्यान परिवहनों पर अंकुश लगाएगे। इस पर जिला धीश आकाश शिकारी ने कहा कि मुझे इससे मतलब नहीं है मैं सीधे तौर पर चाहता हूं अवैध धन उड़ीसा से किसी भी स्थिति में न पहुंचे अन्यथा आप लोग यह समझ ले की जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जाएगा।इस प्रतिनिधि को जनप्रतिनिधियों ने बतलाया कि उड़ीसा सीमा के कुछ चिन्ह अंकित स्थान से धान की आवक हो रही है और जिन पर अंकुश लगाना जरूरी है जिलाधीश के पहुंचने के बाद अब संभावनाएं बढ़ गई है कि इन अवैध धान तस्करों पर अंकुश लगेगा और उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। दरसल कुछ चिन्हांकित अधिकारी कमँचारीयो के साथ बडे जनप्रतिनिधियो साथ मिली भगत के चलते इन अवैध परिवहन कर्ताओं के हौसले बुलंद है अगर उनके वाहनों को राजसात की प्रक्रिया में शामिल कर लिया जाए तो ऐसे लोगों पर अंकुश लग सकता है अन्यथा यह तस्करी यूं ही जारी रहेगी और शासन को करोड़ों रूपये का चुना लगातार लगता रहेगा







**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज राज्य अतिथि गृह पहुंना में मंत्री टंकराम वर्मा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान मंत्री वर्मा ने मुख्यमंत्री को आगामी दिनों में बलौदाबाजार और तिल्दा के कुर्मी राज अधिवेशन के लिए आमंत्रित किया।

## अवैध कब्जों पर फिर चला निगम का बुलडोजर

**रायपुर,27 दिसंबर।** राजधानी में अवैध कब्जे पर नगर निगम की लगातार कार्रवाई जारी है. इसी कड़ी में आज जोन क्रमांक तीन के आनंद नगर में निगम की कार्रवाई जारी है. यह कार्रवाई नाला को पाटकर उठाए गए दिवार के नाम पर की जा रही है. वहीं, इस कार्रवाई पर कॉलोनी वासियों ने प्रतिक्रिया दी है. उनका कहना है कि निगम चेहरा देख कर कार्रवाई कर ही है. हम कार्रवाई का विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन टूट रहा है तो सभी का टूटना चाहिए, सिर्फ कुछ लोगों का नहीं. नाला बनाने का पैरामीटर सेट हो, कितनी लंबाई कितनी चौड़ाई का नाला बनना चाहिए यह सब तैय किया जाए. कॉलोनी वासियों का कहना है कि, यह तीसरी बार दीवार को तोड़ रहे हैं और चोरी से हम लोग परेशान होते हैं. ये लोग दीवार तोड़कर चले जाते हैं और फिर चोर घरों से गाड़ी-मोटर, कनेक्शन ले उड़ते हैं. कार्रवाई करें हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन हमें सुरक्षा दें.



# कॉलेज में पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है:गुप्ता



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 27 दिसंबर।** प्रिज्म संस्थान, महकाखुर्द पाटन में तीन दिवसीय लक्ष्य अन्तर कालेज खेल स्पर्धा का आयोजन दिनाँक 21/3/2023 से 23/12/2023 तक किया गया , प्रथम दिवस का शुभारंभ प्रिज्म संस्थान के चेयरमैन श्री रूपेश कुमार गुप्ता के द्वारा विक्ट्री मसाल जलाकर किया गया, अपने आशीर्वाद वचन में गुप्ता सर ने खेलों के महत्व पर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा जिस प्रकार पढ़ाई जरूरी है उसी प्रकार खेलना भी जरूरी है, खेल उज्वल भविष्य के लिए आज एक संकाय है , इस कार्यक्रम को संस्थान के डायरेक्टर श्रीमती ख्याति साहू ने भी संबोधित किया और छात्रों को बड़चड़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया, खेल में जीतना व हारना लगा रहता है, परंतु बड़ी बात खेल में भाग लेना होता है इस संबोधन के बाद खेल प्रतिस्पर्धा प्रारंभ हुआ, इस प्रतिस्पर्धा में दुर्ग जिले के 13 कालेजों के कुल 23 टीमों ने भाग लिया, जिसमें वालीबॉल में 6 , कबड्डी में 11 और खो खो में 6 टीम शामिल है, समापन दिवस दिनाँक 23/12/2023 के मुख्य अतिथि श्री डॉ दिनेश नामदेव सर , डायरेक्टर ऑफ स्पोर्ट्स, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग छत्तीसगढ़ रहे, अपने संबोधन में उन्होंने खेल और खिलाड़ियों के रुचि में अन्तर संबंधो को बताया कि खिलाड़ी के खेल उतनी ही आवश्यक है जितना विद्यार्थियों के लिए ज्ञान क्योंकि खिलाड़ी खेल के लिए होते है वो बिना खेल के अपूर्ण है, संस्थान के प्राचार्य ने महाविद्यालयों में आयोजित होने वाले खेल स्पर्धाओं को विश्विद्यालय से सम्बध्द करने की मांग मुख्य अतिथि के सामने रखी ताकि प्रतिभागियोंऔर छात्रों को इसका फायदा मिले , इसलिए संस्थानों को विश्वविद्यालयों को अधिकृत मान्यताएं के लिए मंच के माध्यम से विशेष अतिथि के समकक्ष अपनी मांग रखी और सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाये दी, इस अवसर पर संस्थान के बीएड , स्कूल, आईटीआई व कालेज के अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने जिले के 3 दिव्यांग खिलाड़ियों को किया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,27 दिसंबर।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज कबीरधाम जिले के 3 दिव्यांग खिलाडियों को सम्मानित किया। कबीरधाम जिले के दिव्यांग खिलाड़ियों के द्वारा जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली मे आयोजित खेलो इंडिया पैरा गेम 10 से 17 दिसंबर 2023 तक आयोजित की गई थी। इसी तारतम्य में जिले के 2 दिव्यांग खिलाड़ी एवं कोच दिल्ली में आयोजित खेलो इंडिया पैरा गेम प्रतियोगिता में शामिल हुए थे, जिन्होंने अपना बेहतर प्रदर्शन कर जिले को 2 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक कुल 04 पदक प्राप्त कर कबीरधाम जिले को गौरवान्वित किया है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्रीमती अभिलाषा पंडा ने बताया की जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली में आयोजित खेलो इंडिया पैरा गेम 2023 में कबीरधाम जिले के सुखनंदन निषाद एवं छोटी मेहरा को स्वर्ण पदक मिला। उन्होंने बताया कि 10 से 17 दिसम्बर 2023 को प्रथम खेलो इंडिया गेम 2023 का आयोजन भारत सरकार के खेल विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में 7 खेल शामिल थे। छतीसगढ़ से एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 5 दिव्यांग खिलाडी शामिल हुए थे। जिसमे कबीरधाम से 2 खिलाड़ियों का चयन किया गया था। इस खेल में कबीरधाम की छोटी मेहरा ने गोला फेक प्रतियोगिता में एक स्वर्ण पदक एवं एक रजत पदक कुल 02 पदक प्राप्त किया एवं सुखनंदन निषाद ने 100 मीटर दौड में एक स्वर्ण पदक एवं लांग जम्प प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। इन दोनों खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ के लिए कुल 04 पदक जीत कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस अवसर पर कोच समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्रीमती अभिलाषा पंडा सहित अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### युवती से छेड़खानी करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 27 दिसंबर।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र घर में घुसकर एक युवती से छेड़खानी करने वाले आरोपित को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपित के खिलाफ छेड़खानी, जबरिया घर में घुसने और धमकाने की धाराओं के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेजा गया है वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि आइएचएसडीपी आवास जवाहर नगर निवासी आरोपित राजा यादव ( 20 ) को छेड़खानी के मामले में गिरफ्तार किया गया है आरोपित ने सोमवार को घर में घुसकर पीड़िता से छेड़खानी की थी घटना की शिकायत पर वैशाली नगर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### उप मुख्यमंत्री शर्मा ने वीर बाल दिवस पर गुरुद्वारा में माथा टेक कर लिया आशीर्वाद



**भिलाई, 27 दिसंबर।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वीर बाल दिवस के अवसर पर दुर्ग स्थित गुरूद्वारा में माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि मानवता के लिए असमिता को बचाने के लिए वीर बालकों ने एक मिशाल कायम की। आज का दिन गुरु गोविंद सिंह जी के दोनों साहिबजादों की शहादत का दिन है। सात और नौ वर्ष की आयु में दोनों वीरों को शहादत मिली। मुगलों के दबाव के बावजूद भी उन्होंने कुर्बानी चुनी, सिख समाज का इतिहास ऐसी कुर्बानियों से गौरवशाली बना हुआ है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सिख समाज के दसवें गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों ने मुगलों से हार नहीं मानी, इसलिए उन्हें दीवार में चुनवा दिया। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में प्रेरणा के विषय हैं, तो हम दुनिया में क्यो जाएं। हमारे समाज का मान बिंदु यही होना चाहिए और इसे समाज के बीच रखना चाहिए। उनकी शहादत पूरे भारतवर्ष के लिए प्रेरणा का विषय है। उन वीर बालकों की शहादत को याद करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद देता हूँ।

### सिंटर प्लांट ने उत्पादन का रचा दैनिक कीर्तिमान



**भिलाई, 27 दिसम्बर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट ने 24 दिसंबर को सर्वश्रेष्ठ सिंटर उत्पादन का नया दैनिक कीर्तिमान बनाने में कामयाबी हासिल की। 24 दिसंबर को सिंटर प्लांट ने 27,287 टन उत्पादन का नया कीर्तिमान रचते हुए 23 अक्टूबर को दर्ज किए सर्वश्रेष्ठ दैनिक निष्पादन रिकॉर्ड 27,049 टन को पीछे छोड़ा। मुख्य महाप्रबंधक अनुप कुमार दत्ता के मार्गदर्शन तथा महाप्रबंधक प्रभारी एम आर के शरीफ और महाप्रबंधक प्रभारी जगेंद्र कुमार के नेतृत्व में यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई। समर्पण और उत्कृष्ट टीम वर्क का प्रदर्शन करते हुए एसपी-2 और एसपी-3 ने कुल सिंटर उत्पादन में क्रमशः 18,654 टन और 8,633 टन का योगदान दिया है। यह कीर्तिमान उत्कृष्टता और नवाचार की दिशा में संयंत्र की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### ऑक्सीजन प्लांट- 2 में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह मनाया गया

**भिलाई, 27 दिसम्बर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ऑक्सीज़न प्लांट-2 में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह 18 से 23 दिसम्बर तक आयोजित किया गया। उदघाटन, मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबन्धक ए के जोशी एवं विशेष अतिथि, महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबन्धक पी सी बाग द्वारा किया गया। ए के जोशी ने, अपने उद्बोधन में प्रमुख मानवीय कारकों लापरवाही, जल्दबाजी, ध्यान भटकना, अति उत्साह एवं अति आत्मविश्वास से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सजग रहने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सप्ताह हमें पिछली भूलों को सुधार कर, सदा सुरक्षित कार्य प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित करता है।

## हमारे एक-एक संकल्प का असर पड़ता है जीवन पर:ब्रम्हाकुमार भानु

**भिलाई, 27 दिसंबर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से आये ब्रह्माकुमार भानु भाई ने मेडिटेशन के साइंस को स्पष्ट करते हुए बताया की मेडिटेशन में पोटेंशियल (सामर्थ्य) एनर्जी काइनेटिक (गतिज) ऊर्जा में परिवर्तित होती है। हम सभी में ऊर्जा का आभामंडल रहता है, जिस पर वैज्ञानिकों द्वारा कई अनुसन्धान भी होते हैं, जिन्हें हम देवी देवताओं के चित्रों में भी देखते हैं। हमारे श्रेष्ट व शुभ संकल्पों से हमारा पावरफुल आभामंडल बनता है जो हमारे तन और मन के सुरक्षा कवच का काम करता है। यह दुनिया संकल्पों का सागर है, विचारों की श्रृंखला दूसरों के नेगेटिव थॉट वेव्स से सुरक्षित रहना है7 हमारे एक-एक संकल्प का असर



हमारे जीवन और ब्रह्मांड पर पड़ता है। आपने मोबाइल के फ्लाइट मोड ऑप्शन के बारे में बताते हुए कहा कि दिन भर में कुछ पल हम सबसे डिस्कनेक्ट हो बियोंड द वर्ल्ड पांच तत्वों से पार परमधाम में परमात्म शक्ति का अनुभव करें, जैसे कि एक मोमबत्ती की रोशनी से चाय नहीं बन सकती वैसे ही परमधाम की उच्च योग की किरणों द्वारा ही हम स्वयं सुरक्षित होकर दूसरों को भी सुरक्षित रख सकते हैं। हमारा ब्रेन तेलुगू, गुजराती, हिंदी, इंग्लिश नहीं समझता है, वह चित्र बनाता है, जैसा बेस्ट चित्र वैसा बेस्ट हमारा जीवन। हमारे जीवन के चित्र को सदा कलरफुल बेस्ट पॉजिटिव रखना है। आपने करोना और कबीर के दोहे काल करे सो आज, का उदाहरण देते हुए कहा न व्यक्ति न धन काम में आया, नो पेंडिंग वर्क इन लाइफ। श्रेष्ट संकल्पों के श्रेष्ठ स्थिति के आसन पर स्थित हो श्रेष्ट कर्म कर जीवन को निर्विघ्न बनाओ। आज इच्छाओं के कारण मन कमजोर खोखला होता जा रहा हैं, अपने आप से बातें करनी है जिसको स्वयं से बाते करने की कला आ गई तो परमात्मा से भी वह बात कर सकता है। हमारे साथ जो कुछ हो रहा है उसे स्वीकार करें हमारे अच्छे या बुरे सब हमारे ही कर्मो का फल है। अपने समय, संकल्प, एनर्जी को बचाना है। भिलाई सेवा केन्द्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने भानु भाई को ऐसे पावरफुल योगाभ्यास के लिए धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा की संकल्प में भी हमें कभी पश्चाताप न हो ऐसा जीवन हो सदा।

## लोगों को शुद्ध पेयजल मिले इस पर हमेशा फोकस:एसडीओ राजपूत

**कवर्धा, 27 दिसंबर।** कवर्धा पीएचई के सहायक अभियंता दिलीप सिंह राजपूत ने तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा करते हुए कहा की लोगो को शुद्ध जल अच्छे से मिले जिस पर हमेशा फोकस रहता है । गुणवत्ता युक्त पानी टंकी और घेरेलू नल कनेक्शन का निर्माण किया जा रहा है । लोगो से भी विनम्र अपील है की हैंड पंप के आसपास स्वच्छता पर हमेशा ध्यान दे । पीएचई ईई जगदीश गोंड के मार्गदर्शन में और सहायक अभियंता दिलीप सिंह राजपूत की मॉनिटरिंग में उप अभियंता सुधीर श्रीवास्तव गुणवत्ता युक्त पानी टंकी निर्माण और घर नल कनेक्शन का दौरा कर गुणवत्ता युक्त निर्माण पर विशेष ध्यान दे रहे है जिससे की सभी परिवार को शुद्ध जल्द मिले । तरुण छत्तीसगढ़ ने पीएचई आफिस में स्वच्छता का जायजा लिया तो बेहतर स्वच्छता पीएचई आफिस में दिखी । वर्तमान में कबीरधाम जिले में लोगो को पेयजल अच्छे से मिल रही है और समस्या की जानकारी मिलने पर पीएचई विभाग त्वरित निराकरण भी करती हुई दिख रही है ।





### बीएसपी ने ग्राम कुमुड़कट्टा में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया

**भिलाई, 27 दिसम्बर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में एवं खदान क्षेत्रों में किया जाता है। इसी क्रम में 22 दिसम्बर को महामाया माइंस के समीप स्थित कुमुड़कट्टा ग्राम में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कुमुड़कट्टा में आयोजित चिकित्सा शिविर में कुल 101 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया, जिसमें 16 पुरुष, 39 महिलाएं तथा 46 बच्चे शामिल थे। प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त नि:शुल्क दवाएं भी प्रदान की गई।

## दो बेटियों,पत्नी को मारने के बाद खुद भी जहर खा लिया

**भिलाई, 27 दिसंबर।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र मासूम बच्चियों और पत्नी को क्या पता था कि उनकी सर्दी ठीक करने के नाम पर पिता ने उन्हें जहर की खुराक दे दी। पूरा मामला जामुल थाना क्षेत्र का है। जहां पिता ने अज्ञात कारणों के चलते अपनी दो बेटियों और पत्नी को जहर की खुराक सर्दी की दवा के बहाने खिला दी। पिता ने भी जहर सेवन किया था। ऐसे में उसकी मौत हो गई। साथ ही छोटी बेटी की जान चली गई। वहीं पत्नी और एक बेटी अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे है दुर्ग एसएसपी रामगोपाल गर्ग ने बताया कि घटना









लक्ष्मीपारा निवासी हेमलाल वर्मा (45वर्ष) ने अपनी पत्नी जानह्वी वर्मा (38 वर्ष ), बेटी प्रियंका वर्मा (14 वर्ष) और मुस्कान वर्मा (11 वर्ष) को सर्दी की दवा की जगह जहर की खुराक देकर कहा कि सब कोई खा लो। सर्दी ठीक हो जाएगी। हेमलाल ने पहले खुद दवा खाई। इसके बाद पत्नी और दोनों बेटियों को खिला दिया थोड़ी देर में जब तबियत बिगड़ने लगी। उसकी पत्नी जानह्वी चिल्लाने लगी। तब तक पड़ोस के लोग पहुंचे तत्काल सभी को स्पर्श अस्पताल ले गए। जहां हेमलाल वर्मा और मुस्कान ने दम तोड़ दिया। वहीं जानह्वी और प्रियंका का इलाज जारी है। मौके पर तहसीलदार ज्योत्सना अस्पताल पहुंची और मरणासन कथन लिया फिलहाल अभी जहर खाने की वजह स्पष्ट नहीं है मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही।

## चंद्रशेखर आजाद नगर और सेक्टर-1 में लोगों से मिले विधायक



भिलाई, 27 दिसंबर। विधानसभा चुनाव जीतने के बाद भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव बारी-बारी से अपने विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से मिल रहे हैं। हर वार्ड में जाकर बारी-बारी से अपने मतदाताओं के बीच पहुंच रहे है। सभी का धन्यवाद और आभार व्यक्त कर रहे हैं। इसी कड़ी में 26 दिसंबर को विधायक यादव वार्ड 39 चंद्रशेखर आजाद नगर वार्ड पहुंचे। जहां वार्ड के नागरिकों के घर-घर जाकर विधायक लोगों से मिले। विधायक को देखकर हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ गई। वार्ड में पहुंचते ही वार्ड के नागरिकों ने सबसे पहले विधायक यादव का भव्य स्वागत किया। पुष्प माला पहनाएं और फूलो की वर्षा की। इसके बाद वार्ड की माताओं और बहनों ने अपने विधायक की आरती उतार कर तिलक लगाया। जीत के बाद अपने क्षेत्र के विधायक को देखकर लोगों में काफी उत्साह और उमंग का माहौल था। लोग विधायक के साथ फोटो खिंचाते रहे। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए विधायक यादव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी लोगों ने मुझे पर जो विश्वास जताया है। जो प्रेम और आशीर्वाद मुझे दिया है। इसके लिए मैं हमेशा आप सभी का आभारी रहूंगा। आप सभी के विश्वास ने ही मैं आज यहां आप सब के सामने खड़ा हूं। दोबारा आप सभी मुझे जनता की सेवा करने का जो सौभाग्य प्रदान किया है। इस जिम्मेदारी को मैं पूरी इमानदारी और निष्ठा से निभाउंगा। हमेशा से मैं आप सभी के बीच और आप लोगों का सेवक रहा हू और आगे भी सेवक रहूंगा।



### अटल जयंती पर बांटे गए 10 हजार तुलसी पौधे

**भिलाई, 27 दिसंबर।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर 25 दिसंबर को जुनवानी में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के आह्वान पर 10 हजार तुलसी पौधे का वितरण किया गया। इस दौरान अटल जी के जीवन पर आधारित रंगोली, पेंटिंग और पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया । पुरस्कार वितरण समारोह में? पहुंचे विधायक रिकेश सेन कहा कि तुलसी जी का हमारी संस्कृति में बड़ा महत्व है, तुलसी स्वास्थ्य के लिए भी काफी उपयोगी है, इसमें ढेर सारे औषधीय गुण भी हैं। भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी का देश में अमूल्य योगदान रहा है, उनकी जयंती पर रंगोली, पोस्टर, पेंटिंग प्रतियोगिता में हजारों बच्चों ने भागीदारी निभाते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।

### यूनिकोड टंकण एवं गूगल ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग प्रशिक्षण आयोजित

**भिलाई, 26 दिसम्बर।** राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग सचिवालय द्वारा सदस्य संस्थानों के लिए दिनांक 22 दिसंबर को नराकास स्तरीय यूनिकोड टंकण एवं गूगल ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य संस्थानों के संस्थान प्रमुखों सहित राजभाषा हिंदी समन्वय अधिकारीगण तथा कार्यालयीन कार्यों में संलग्न कुल 61 अधिकारी व कर्मचारीगण प्रतिभागी के रूप में ऑनलाइन माध्यम से सम्मिलित हुए। भिलाई इस्पात संयंत्र के सहायक प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों के विषय में जानकारी देकर हिंदी की महत्ता एवं हिंदी में कार्यालयीन कामकाज करने से होने वाले लाभ के विषय में बताया। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग के सदस्य संस्थानों के सम्मिलित प्रतिभागियों के यूनिकोड टंकण एवं गूगल ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग से संबंधित प्रश्नों का समाधान भी किया गया।

## सुशासन दिवस पर चलाया गया विशेष सफाई अभियान

**भिलाई, 27 दिसंबर।** सुशासन दिवस के अवसर पर नगर निगम भिलाई का स्वास्थ्य अमला सांसद विजय बघेल, पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों की अगुवाई में वार्ड 17 नेहरू भवन में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ भारत मिशन के संदेश को जन जन तक पहुंचाने लोगो को प्रेरित किये। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर 25 दिसम्बर से प्रारंभ सुशासन सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को सुबह 8 बजे वार्ड 17 सुपेला में नेहरू भवन के पास नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल, सभापति गिरवर बंटी साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष ब्रिजेश बिजपुरिया, एमआईसी सदस्य संदीप निरंकारी, निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पार्षद महेश वर्मा, नोहर वर्मा, चंदेश्वरी बांधे आयुक्त रोहित व्यास एवं आम नागरिकों ने सड़क तथा गली में झाड़ू लगाकर सफाई का संदेश दिये। सांसद विजय बघेल ने कहा कि सफाई हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहर, गांव, कस्बे की सफाई पर विशेष जोर दिये है। हमे अपने गली मोहल्ले को साफ रखना चाहिए। कचरा खुले में तथा नाली में नहीं डालना चाहिए, स्वच्छता को हमे अपने आदत में शामिल करना होगा। सांसद बघेल ने सभी लोगो को स्वच्छता का शपथ भी दिलाये। अभियान में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा सहित विजय शुक्ला, विजय जायसवाल, तुलसी साहू, प्रदीप सिंह, शारदा गुप्ता, अंशु पाण्डेय, रूपराम साहू, दिनेश मिश्रा, गीता विश्वकर्मा, शंकरलाल देवांगन, क्षेत्र के नागरिक एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए ।



## एक नजर

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिय 17 जनवरी तक शिविर

**राजनांदगांव 27 दिसम्बर।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह नवम्बर का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 21 दिसम्बर 2023 से 17 जनवरी 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 29 दिसम्बर को महात्मा गांधी वार्ड नं. 7 व शंकरपुर वार्ड नं. 09 के लिये हॉस्पिटल परिसर शंकरपुर में, 30 दिसम्बर को डॉ. भीमराव आम्बेडकर वार्ड नं. 12 के लिये बापू प्राथमिक शाला स्टेशनपारा में व गौरी नगर वार्ड नं. 13 के लिये सार्वजनिक मंच गौरीनगर में एवं 2 जनवरी को डॉ. बल्देवप्रसाद मिश्र वार्ड नं. 15 के लिये राममंदिर बी.एन.सी.मिल में, ठा. प्यारेलाल सिंह वार्ड नं. 16 व तुलसीपुर वार्ड नं. 17 के लिये ठा.प्यारेलाल स्कूल में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11- 30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह नवम्बर 2023 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि समाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

### भटगुना में हर साल की तरह इस बार भी रामायण प्रतियोगिता का आयोजन

**डोंगरगांव 27 दिसंबर।** ग्राम भटगुना में प्रति वर्ष की तरह लगातार 29वा वर्ष भी प्रगतिशील मानस प्रचार समिति एवम समस्त ग्रामवासी ग्राम भटगुना के लोगो द्वारा दिनांक 6 वा 7 को रामायण प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है जिसमे समिति के सदस्य- कमल साहू, सोमन साहू, संतोष साहू ,शिव साहू, प्रदीप साहू, अजय साहू, गुलशन सोनकर ,आर्यन साहू, केदार निषाद, कैलाश साहू ने कार्यक्रम होने की जानकारी दी और आस पास के लोगो को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### विधायक ने मतदाताओं का आभार जताया,समस्याओं की जानकारी ली



**डोंगरगढ़ 27 दिसंबर।** धर्म नगरी डोंगरगढ़ में स्थित वार्ड नंबर 24 में नवनिर्वाचित विधायिका श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने वार्ड के मतदाताओं का आभार जताने 26 दिसंबर दिन मंगलवार को सुबह 11 बजे वार्ड वासियों से मिलकर उनको विजय बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जनता का आभार व्यक्त कर वार्डों में बिजली, पानी, सड़क, सफाई जैसी मूलभूत समस्याओं से अवगत होकर नगर पालिका प्रशासन से चर्चा कर इन समस्याओं को जल्द सुलझाने का आश्वासन दिया। कांग्रेस जनों के साथ वार्ड भ्रमण में पहुंची विधायक द्वारा सर्वप्रथम चमगेदरी पारा के शिव पंचायतन मंदिर में पूजा अर्चना कर, हजरत बाबा बगीचे वाले का जियारत की गई, फिर मोहल्ले में भ्रमण कर समस्याओं का जायजा लिया गया। वार्ड की महिलाओं द्वारा बताया गया की, वार्ड में सफाई व्यवस्था नियमित नहीं होने । से बीमारी का खतरा बना हुआ है। नाली के क्षतिग्रस्त होने से पानी की निकासी बाधित हो रही है। गोंड पारा में पेयजल की आपूर्ति एवं सड़क व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग विधायक से की गई। शिव पंचतंत्र मंदिर में बाउंड्री वॉल के लिए 2 लाख की मांग - वार्ड भ्रमण में पहुंची विधायक से वार्ड वासियों ने शिव पंचतंत्र मंदिर में बाउंड्री वॉल के लिए 2 लाख की मांग की गई। जिसे विधायिका ने नगर पालिका से चर्चा कर जल्द ही पूर्ण करने का आश्वासन दिया। विधायक द्वारा कहा गया की, आगे भी नगर के सभी वार्डों में भ्रमण कर जनता का आभार एवं उनकी समस्याओं का जायजा लिया जाएगा।

# अपनी जान पर खेलकर दूसरों की जान बचाने वाले वीर बच्चों को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**रायपुर, 27 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के राज्य अतिथि गृह पहुना में वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रदेश के 04 वीर बालक-बालिकाओं को उनके साहसिक व वीरतापूर्ण कार्य के लिए सम्मानित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कोरबा के अमर ज्योति जाहिरे, महासमुंद की छाया विश्वकर्मा, धमतरी की जानवी राजपूत और धमतरी के भामेश्वरी निर्मलकर को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई की और राज्य शासन की ओर से चारों वीर बालक-बालिका को 50-50 हजार रूपए दिए जाने की घोषणा की। गौरतलब है कि 09 जनवरी 2022 को, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के दिन, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को श्री गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों-साहिबजादों की शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा।



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने वीर बाल दिवस के अवसर पर बलिदानी 04 वीर साहिबजादों को नमन करते हुए कहा कि उनकी शहादत हमें प्रेरित करती है। वीर साहिबजादों ने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति देना स्वीकार किया। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के अमृतकाल के दौरान इन साहिबजादों के बलिदान को चिर स्थायी बनाने के लिए वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की, हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है। उन्होंने सम्मानित चारों वीर बालक-बालिकाओं के साहसिक कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि जान की परवाह किए बिना इन बच्चों ने अपने परिजनों व साथियों का जीवन बचाया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी द्वारा किए जा रहे सामाजिक व बौद्धिक कार्यों की सराहना की। छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी के संरक्षक डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी के सदस्य के रूप में हमारा सौभाग्य है कि हम लगातार दूसरे वर्ष वीर बालकों का सम्मान कर पा रहे है। बच्चों ने अपनी बुद्धिमता, सक्रियता और साहस का परिचय देते हुए अपनों की जान बचाई है। निश्चित ही अन्य बच्चों को भी इनके अदम्य साहस से प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने वीर बाल दिवस मनाने के लिए छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी के प्रयासों का भी जिक्र किया। कार्यक्रम में सिक्ख ग्रंथी श्री अमरीक सिंह ने उन साहिबजादों का जीवन परिचय दिया जिनकी स्मृति में वीर बाल दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हमारे गुरूओं ने हमें शहादत सिखायी है और आज भी धर्म की रक्षा के लिए संकल्पित हैं। ग्रंथी श्री सिंह ने वीर बालक-बालिकाओं को बधाई दी और अपने गुरूओं के बलिदानों को अमर बनाने वीर बाल दिवस मनाए जाने के लिए केन्द्र सरकार के पहल की सराहना की। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी के डॉ. सी पी आडवाणी, डॉ. सुरभि दुबे, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संदीप दवे, सोसायटी के पदाधिकारीगण सहित वीर बालकों के परिजन और आमजन उपस्थित रहे।

# हल्बा,हल्बी आदिवासी समाज ने शक्ति दिवस मनाया, विधायक कार्यक्रम में हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 27 दिसंबर।** अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज के तत्वाधान में सामाजिक एकता का पर्व शक्ति दिवस हर्षोल्साह के साथ मनाया गया। हल्बा आदिवासी समाज के द्वारा प्रतिवर्ष यह शक्ति दिवस 26 दिसंबर को बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। समाज की इस कार्यक्रम से इनकी सभ्यता संस्कृति का बोध होता है यह समाज आदिवासी वर्ग के स्वभाव से सरल अपने में एक आदर्श होते हैं जिसके चलते हल्बा आदिवासी समाज अपने विचारों पर चलने वाली समाज है। शक्ति दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ग्राम दैहान,मुचेदंड, लालूटोला और कापा पहुंचकर शक्ति दिवस पर्व में शामिल हुए। खुज्जी विधायक भोलाराम साहू एवं समाज प्रमुखों ने मां दंतेश्वरी में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।वही समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाल कर गली भ्रमण करते हुए सभा स्थल तक पहुंची जिसमें भारी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।




खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने मां शक्ति दंतेश्वरी मैया का पूजा अर्चना किया तत्पश्चात जनमानस को संबोधित करते हुए कहा की शक्ति दिवस मे हम सभी को एकता और संगठन के रूप में रहना चाहिए। एकता में बहुत बड़ी ताकत है उन्होंने आगे कहा कि बच्चों महिलाओं की शिक्षा पर जोर देते हुए समाज में उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा करते हुए सामाजिक एकता की बात कही ।श्री साहू ने आगे कहा कि समाज में व्याप्त बुराइयों पर विचार व्यक्त कर आज के युवा पीढ़ी को नशा पान से दूर रहने एवं समाज के प्रति अपने जिम्मेदारियां का निर्वहन करने की अपील की।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नरेश शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कांति भंडारी , राम साहू संयुक्त महामंत्री, ओम प्रकाश मांडवी जनपद सदस्य, देव पेंड्रो जनपद सदस्य एवं समाज प्रमुख जन एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय रैली में शामिल होंगे कांग्रेसजन: डा.चंदन यादव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 27 दिसंबर।** आगामी 28 दिसंबर को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना 138वें वर्ष पर नागपुर में आयोजित होने वाले ''है तैयार हम'' विशाल राष्ट्रीय रैली को लेकर आज दिनांक 25 दिसंबर सोमवार को सतनाम भवन में एआईसीसी सचिव व प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी डा.चंदन यादव एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू के मार्गदर्शन में शहर एवं जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में बैठक आयोजित कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए। जानकारी देते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 138वें वर्ष के स्थापना दिवस पर 28 दिसंबर को नागपुर में होने वाले ''है तैयार हम'' राष्ट्रीय रैली में पूरे देशभर से कांग्रेसजन शामिल होंगे। वहीं राजनांदगांव जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों की इस रैली में सहभागिता हो इस विस्तृत चर्चा कर अधिक से अधिक कांग्रेसजनों की भागीदारी को लेकर मुख्य वक्ता के रूप में एआईसीसी सचिव व प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी डा.चंदन यादव एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू द्वारा मार्गदर्शन दिया गया।



इस अवसर पर स्वागत भाषण देते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि राजनांदगांव जिले नागपुर से करीब होने के कारण यहां से बड़ी संख्या में कांग्रेसजन इस रैली में शामिल होंगे और उपस्थित राष्ट्रीय नेतृत्व के विचारों का विस्तार करेंगे। एआईसीसी सचिव व प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी डा.चंदन यादव ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है उनकी बदौलत ही हम अविभाजित राजनांदगांव जिले की पांच सीटों पर अपने विधायक जिताकर लाएं है उनके लिए मैं कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं। उन्होंने कांग्रेस स्थापना 28 दिसंबर को नागपुर में होने वाले ''है तैयार हम'' विशाल राष्ट्रीय रैली की तैयारियों के संबंध में कांग्रेसजनों को जानकारी देते हुए बताया कि इस रैली में पूरे भारत वर्ष से कांग्रेस के सभी नेता, कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे और आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के बेहतर प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व सभी कांग्रेसजनों राय-मशविरा कर पार्टी की आगामी रणनीति के संबंध में अपनी बात रखेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने कांग्रेसजनों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अविभाजित राजनांदगांव की 6 में से 5 सीटें हमारी पार्टी ने जीती है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत को मैं सलाम करता हूं और आगे भी कार्यकर्ता पूरे दमखम से आने वाले चुनाव में कार्य करेंगे। उन्होंने आगामी राष्ट्रीय रैली के संबंध में उपस्थित कांग्रेसजनों को जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में जिला एवं शहर के सभी उपस्थित कांग्रेसजनों का जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने आभार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रमुख रूप से खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, विधायक प्रत्याशी गिरीश देवांगन, महापौर हेमा देशमुख, नवाज खान, पदम सिंह कोठारी, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, छन्नी साहू, महामंत्री शाहिद खान, प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महामंत्री प्रदीप शर्मा, नरेश डाकलिया, आफताब आलम, मेहुल मारू, श्रीकिशन खंडेलवाल, प्रेमचंद बाफना, रूपेश दुबे, महेन्द्र यादव, राजकुमार मंडले, गोपीचंद गायकवाड़, पंकज बांधव, प्रमोद सिंह ठाकुर, विकास त्रिपाठी, नरेश शर्मा, खिलेश्वर पाल, विष्णु सोनी, इब्राहिम, विजय शर्मा, गुरभेज माखिजा, नरेश साहू, ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम देवांगन, शैलेष रामटेके, विष्णु सिन्हा, अब्दुल खान, मोहन साहू, सैय्यद अंसार अली, संध्या साहू, बलीदास साहू, राहुल देवांगन, मुस्तफा खान, फरमान अली, अब्बास खान, सुनील पिल्ले, मोहसिन कुरैशी, यतीन खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। बैठक का सफल संचालन जिला ग्रामीण महामंत्री अजय मारकंडे व अमित चंद्रवंशी ने की।

### 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ससंघ का चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में हुआ भव्य मंगल प्रवेश

**डोंगरगढ़ 27 दिसंबर।** संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ससंघ का चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में हुआ भव्य मंगल प्रवेश 7इस दौरान जैन समाज डोंगरगढ़, डोंगरगढ़ नव युवक मंडल, महिला मंडल, बाल मंडल, चंद्रगिरी ट्रस्ट समिति, हाथकरघा के समस्त कर्मचारी, प्रतिभास्थाली के बच्चे एवं समस्त ब्रह्मचारिणी दीदियों ने बैंड ड्ढ बाजे,संगीतमय भक्ति, गाजे बाजे के साथ जुलूस निकालकर अपने गुरु जी ससंघ का स्वागत - अभिनंदन किया 7 इसी तारतम्य में डोंगरगढ़ दिगम्बर जैन समाज की बहुओं ने अपने घरों के सामने एवं प्रवेश मार्ग पर सुन्दर ड्ढ सुन्दर रंगोली बनाई एवं अपने गुरु जी का दिया, आरती,श्रीफल आदि से स्वागत अभिनन्दन किया आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ससंघ तिल्दा नेवरा से लगभग 160 किलोमीटर लगातार पद विहार कर रायपुर, भिलाई, दुर्ग, राजनंदगांव होते हुए चंद्रगिरी डोंगरगढ़ पहुचे 7 श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी ट्रस्ट के अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन ने बताया की आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी की विशेष कृपा एवं आशीर्वाद से अतिशय तीर्थ क्षेत्र चंद्रगिरी मंदिर निर्माण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है और यहाँ प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ में कक्षा चौथी से बारहवीं तक छ्व्रस्श्व पाठ्यक्रम में विद्यालय संचालित है।



## समाचार संक्षेप

### है तैयार हम राष्ट्रीय रैली को सफल बनाने जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने ली बैठक



**छूरिया 27 दिसंबर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के 139वी स्थापना दिवस पर 28 अक्टूबर को नागपुर में ÷है तैयार हम÷ राष्ट्रीय स्तर विशाल रैली का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज जी के आदेश पर राजनांदगांव जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने राजनांदगांव जिले के सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेता पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक राजनांदगांव स्थानीय सतनाम भवन में आयोजित की। बैठक में नागपुर में हो रहे विशाल रैली में सम्मिलित होने के लिए कांग्रेस नेताओं से चर्चा कर रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम में राजनांदगांव जिले के चारों विधानसभा से हजारों की संख्या में कांग्रेस के नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित होने 28 तारीख को नागपुर जाएंगे। जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि कांग्रेस की 138वीं स्थापना वर्षगांठ इतनी समृद्ध ऐतिहासिक परंपरा के साथ नागपुर में मनाई जा रही है, यह सभी पार्टी के लोगों के लिए गर्व की बात है। इस रैली का महत्व इस बात से समझा जा सकता है कि इसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और पार्टी पदाधिकारियों, मुख्यमंत्रियों और अन्य टॉप लीडर्स के शामिल होने आ रहे है। विशाल रैली के लिए पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। आयोजन स्थल का नाम %भारत जोड़ो मैदान% रखा गया है और ÷हैं तैयार हम÷ इस सभा के लिए थीम है। उक्त बैठक में राजनांदगांव जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के साथ धनेश पाटिला, शाहिद भाई, रामछतरी चंद्रवंशी, कमलजीत सिंह पिंटू, विवेक वासनिक, रूपेश दुबे, मोतीलाल साहू, महेंद्र यादव, गोवर्धन देशमुख, अंगेश्वर देशमुख, अजय मारकंडेय, राहुल तिवारी, रमेश खंडेलवाल, इकरामुद्दीन सोलंकी, रितेश जैन, सुरेश सिन्हा, खिलेश्वर पाल, अब्दुल खान, ओम प्रकाश साहू, दुर्गेश द्विवेदी, रतन लाल यादव, हीरा सोनी, महेंद्र वैष्णव, विष्णु सोनी, देवेंद्र दुबे, अकिल मेमन, प्रभा साहू, डोमार साहू, रोदिल चंद्राकर सहित कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे उक्त जानकारी राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राहुल तिवारी ने दी है।

### पुलिस ने चलाया बैंक सुरक्षा चेकिंग अभियान



**राजनांदगांव 27 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने अपने थाना क्षेत्रों के समस्त बैंकों एवं एटीएम को चेक करने हेतु निर्देशित किया गया था। थाना कोतवाली, डोंगरगढ़, घुमका, ओपी चिचोला, ओपी सुरगी पुलिस द्वारा अपने दलबल के साथ बैंकों के आसपास एवं बैंकों के अंदर आंतरिक सुरक्षा एवं एटीएम को चेक किया गया। बैंकों के सुरक्षा के लिए लगाये गये उपकरण सी.सी.टी.व्ही कैमरे, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, डबल लॉक की स्थिति, लॉकर और सुरक्षा अलार्म आदि को बारीकि से चेक किया गया। चेकिंग के दौरान बैंक प्रबंधक को सीसीटीव्ही कैमरा एवं अलार्म सिस्टम को दुरुस्त रखने हेतु कहा गया साथ ही बैंक परिसर के अंदर एवं बाहर उपस्थित संदिग्ध व्यक्तियों की भी चेकिंग की गई।

### चोरी के बढ़ते मामलों को देखते हुई पुलिस ने तेज किया सर्चिंग अभियान



**डोंगरगांव 27 दिसंबर।** 17 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु अधि. दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन चोरी के मामलो मे शीघ्र आरोपियों की पता तलाश करने संबंध मे मार्गदर्शन देकर अभियान चलाने का निर्देश मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव द्वारा पुलिस टीम गठित कर उक्त आदेश के परिपालन मे क्षेत्र के पुराने वाहन विक्रेता , कबाडी दुकान को कोई भी सामान बिना रसीद , जानकारी के ना खरीदे एवं ऐसे किसी व्यक्ति पर संदेह होने से तत्काल थाना डोंगरगांव पुलिस को सुचना देने की हिदायत दिया गया है। कबाड़ी , व अन्य पुराने वाहन बिक्री करने वाले दुकानदारो को हिदायत दी गई की चोरी के सामान की खरीदी ना करे और जानकारी होने पे थाना में इसको सूचना तुरंत दे।

### सांसद,पूर्व सांसद,कलेक्टर, जिपं सीईओ, आयुक्त, एसडीएम सहित जनप्रतिनिधियों ने कवि-सम्मेलन का उठाया लुत्फ

# कवियो ने कविताओं से अटल बिहारी बाजपेयी को दी आदरांजलि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 27 दिसम्बर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए नगर निगम द्वारा पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रायपुर, दुर्ग, भिलाई, नागपुर आदि जगहों से पधारे कवि/साहित्यकारों ने, सांसद संतोष पाण्डे, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, बीस सुत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष खुबचंद पारख, राजगामी सम्पदा के पूर्व अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला सहकारि बैंक के पूर्व अध्यक्ष सचिन बघेल, छ.ग. वेयर हाउस कार्पोरेशन के पूर्व अध्यक्ष नीलू शर्मा, नेताप्रतिपक्ष किशुन यदु व कलेक्टर डोमन सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित कुमार, निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम अरूण वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों, पार्षदों, साहित्यकारों आदि की उपस्थिति में कवियों ने भारत रत्न माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी को कृतज्ञतापूर्वक याद करते हुए विभिन्न रसोद्रेक से पूरित एक से बढ़ कर एक काव्य रचनाओं का पाठ किया व उपस्थितों से वाह-वाही बटोरा।

भारत रत्न मा. अटल बिहारी बाजपेयी जी के तैल चित्र पर सांसद संतोष पाण्डे व आगत अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर मॉ वीणा वादिनी की याद करते हुए प्रारंभ हुए कवि सम्मेलन में सर्व प्रथम रचना पाठ रायपुर से पधारे कवि मीर अली ''मीर'' ने अटल जी के समय देश में सडकों के बिछेजाल, पोखरण के परमाणु विस्फोट सहित कारगिल विजय का कमाल.. व संयुक्त राष्ट्र संघ में हिन्दी में दिये गये भाषण सहित अन्य पहलुओ को छुते हुए अपनी काव्य रचना पढ़ी तथा उन्होंने



अपनी चर्चित छत्तीसगढ़ी रचना-नंदा जाही का रे ..सस्वर पाठ कर खूब वाह-वाही पाई। बालोद से पधारे कवि अखिलेश प्रसाद मिश्रा ने श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी को आदराजलि इन शब्दो में दी-अमन और शांति से सींचा हुआ तुम्हारा ये खूबसूरत चमन है../ हे, छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता, तुम्हे शत शत नमन है। दुर्ग के कवि ओमवीर करण ने कहा- फर्क बहुत है तेरी ओर मेरी तालीम मे.. तुने उस्तादो से सीखा है और मैने हालातो से।

छत्तीसगढ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक व संस्कारधानी नगरी के वरिष्ठ कवि/साहित्यकार आत्माराम कोशा ''अमात्य'' ने हिन्दू तन- मन, हिन्दू जीवन वाले श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी को सनातन से जोडते हुए कहा- बैरी- दुश्मन चाहे जितना गिराले हम पर गाज../ अटल रहा है, अटल रहेगा...अटल सनातन राज। सत्य सनातन, हिन्दू तन- मन-गूंज रही आवाज... अटल रहा है अटल रहेगा...श्री कोशा ने बाजपेयी जी को राजनीतिज्ञो में भारतीय आत्मा कही। नागपुर से पधारी सुमधुर कवयित्री सरिता सरोज ने एक से बढकर एक शेरो-शायरी से सबको गदगुदाया वहीं अटल जी के सम्बंध मे यो कहा-हिन्द में उनके जैसा कोई नेता नहीं../अपना सबकुछ लुटया कमल के लिये..कार्यक्रम का संचालन कर रहे हास्य/ व्यंग्य के कवि वीरेन्द्र तिवारी ''वीरू '' ने कहा - अटल पोखरण के विस्फोटो से अखिल विश्व थर्राया था../अटल जी सम्प्रभू शक्ति मानकर गौरव हमे दिलाया था। रायपुर से तशरीफ लाए युवा कवि मनोज शुक्ला ने अपने चुम्बकीय चुटकुलो से वातावरण में जहॉ अटल की गर्मी पैदा की वही अपनी संदेशात्मक कविता से यो कहा- प्रदूषण शहर देते है गांव नहीं देते../कभी सड़क किनारे एक पेड़ लगाओ यारो... बिजली के खम्भे कभी छाव नहीं देते। दुर्ग से पधारे कवि प्रदीप पाण्डे ने-बारूदी माहौल बनाकर वो कहते है कि धैर्य रखो../ तलवारों से खून लगाकर कहते है धैर्य रखो../वाली रचना पढ़कर वातावरण में सरगर्मी पैदा की। कवि सम्मेलन के पूर्व सांसद श्री पाण्डे ने मुख्य अतिथि की असंदी से कहा कि भारत रत्न अटल जी प्रधानमंत्री के साथ साथ एक बहुत अच्छे लेखक, कवि, संपादक और वक्ता थे। देश में सुराज आया और गुड गवरनेस अटल जी ने दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री सड़क योजना लागू कर गांव गांव में सड़के बनवायी, उन्होंने कहा कि उनका व्यक्तित्व ऐसा था कि विरोधी भी उन्हें मानते थे, उन्होने दुनिया मे भारत की एक विशेष पहचान दिलायी।

श्री पारख जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयंती पूरे देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाते है। वे एक ऐसे नेता थे जिनका सभी दलों के लोग सम्मान करते थे। अपने कार्यकाल में उन्होंने देश को उचाईयों तक पहुँचाया, 6 साल की चुनौती और विपरित परिस्थिति में उन्होंने सडको का जाल बिछाया, पोखरण में परमाणु परीक्षण तथा कारगिल विजय दिलायी।

पूर्व सांसद श्री यादव ने कहा कि आज उस व्यक्तित्व का जन्मदिवस है जिन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य बनाकर हमे दिया। अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में उन्होंने देश की उन्नति के साथ साथ हर वर्ग के लिये कार्य किया। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी जी भी अटल जी जैसे जन हित में प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन योजना जैसे जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रहे है। हमारे मुख्यमंत्री माननीय साय जी के नेतृत्व में इन योजनाओं को प्रदेश के जनमानस तक पहुॅचायेगे।

कार्यक्रम में अतिथियों ने कवियों का साल श्रीफल से सम्मान किया, कार्यक्रम के पूर्व में आयुक्त श्री गुप्ता उपायुक्त श्री मोबिन अली, प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव सहित अधिकारियों ने कवियों तथा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

## संपादकीय

# साय सरकार ने पहला वादा किया पूरा

राज्य में सरकारें आती-जाती रहती हैं। जनता उस सरकार पर भरोसा करती है, उस सरकार को हमेशा याद करती है जो चुनाव में जनता से किए वादे समय पर पूरा करती है। अगर वह कहती है कि सरकार बनने पर यह वादा पहले पूरा किया जाएगा और वह पूरा करती है तो इससे जनता के बीच उसकी साख बढ़ती है कि यह सरकार जो कहती है, उसे समय पर पूरा भी करती है। साय सरकार जनता की इस समय पर वादा पूरा करने की कसौटी पर खरी उतरी है। उसने चुनाव के दौरान जो वादे किए थे, वह पूरे करने शुरू कर दिए हैं। उसने यह काम अच्छा किया था कि प्राथमिकता तय कर ली थी, पहले वह यह वादे पूरे करेगी, उसके बाद बाकी वादे समय के अनुसार पूरे किए जाएंगे। साय सरकार का वादा था भाजपा की सरकार बनने पर सबसे पहले 25 दिसंबर को किसानों का दो साल का बकाया बोनस दिया जाएगा। साय सरकार ने वादे के मुताबिक पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन पर यह वादा पूरा कर दिया है। साय सरकार ने 25 दिसंबर को राज्य के 12 लाख किसानों के खातें में वर्ष 2014-15 व 2015-16 की बकाया बोनस राशि 3716 करोड़ रुपए डाल दिया है। इससे राज्य के किसान खुश हैं कि सरकार ने अपना वादा पूरा किया है। इससे सरकार पर लगा वह दाग भी मिट गया है कि भाजपा ने किसानों को बोनस देने का वादा कर नहीं दिया था और वादाखिलाफी की थी। कांग्रेसे इसी वादाखिलाफी को मुद्दा बनाकर 2018 का चुनाव जीती था। क्या गजब संयोग है कि भाजपा ने उसी दो साल का बकया बोनस देने के नाम पर चुनाव में कांग्रेस को हराया है। बकाया बोनस देने से सरकार भी खुश है कि पीएम मोदी ने राज्य के किसानों जो गारंटी दी थी, उसमें से एक को वह पूरा करने में सफल रही है। पीएम मोदी ने जनता से कहा था कि यह मोदी की गारंटी है, यह जरूर पूरी होगी। जनता ने पीएम मोदी की गारंटी पर भरोसा किया और भूपेश सरकार की गारंटी पर भरोसा नहीं किया। इसी वजह से भूपेश सरकार सत्ता में वापस नहीं लौट सकी। इस चुनाव में यह माना जा रहा था कि जो राजनीतिक दल जनता को ज्यादा पैसा, सुविधाएं देगा, वह निश्चित रूप से चुनाव जीत जाएगा। इस हिसाब से तो भूपेश सरकार ने भाजपा से पहले जनता को ज्यादा देने का वादा किया था। भूपेश सरकार को भी लग रहा था, उसका मुकाबला जनता को देने में भाजापा नहीं कर सकेगा। चुनाव तो वही जीत रही है,चुनाव तो वही जीतेगी। ऐसा हुआ नहीं है, चुनाव परिणाम से साबित हुआ है कि जनता ज्यादा देने वाले पर भरोसा नहीं करती है, जनता तो उस पर भरोसा करती है जो कहा वह किया और वह दिया। इस कसौटी पर भूपेश बघेल व मोदी का मुकाबला था और जनता ने पीएम मोदी पर भरोसा किया कि वह जो कहते हैं वह करते भी हैं। भूपेश बघेल ने भी कई वादे पूरे किए कई वादे वह भी पूरे नहीं कर पाए। इससे उन पर जनता ने उतना भरोसा नहीं किया जितना पीएम मोदी पर किया। पीएम मोदी पर राज्य की जनता ने भरोसा कर जिताया है तो राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वह उन तमाम वादों को जल्द से जल्द पूरा करे जिसकी गारंटी पीएम मोदी ने राज्य की जनता को दी है। कांग्रेस विपक्ष में है तो वह तो सरकार के हर काम में मीनमेख तो निकालेगी ही। राज्य के किसानों को दो साल का बकाया बोनस मिलने पर कांग्रेस यह तो नहीं कह सकती कि साय सरकार ने बोनस नहीं दिया है। उसका कहना है कि भाजपा ने बोनस के नाम पर गलत लोगों को फायदा पहुंचाया है। सभी 12 लाख किसानों को बोनस नहीं मिला है। सरकार के पास उस समया का डाटा नहीं था। कांग्रेस यह कैसे सहन कर सकती है कि सरकार उससे बड़ी किसान हितैषी हो जाए। वैसे तो कांग्रेस सराकर ने कहा था कि केंद्र सरकार अनुमति दे तो वह भी किसानों को दो साल को बोनस दे सकती थी केंद्र सरकार ने अनुमति नहीं दी इसलिए वह चाहकर भी किसानों को दो साल का बोनस नहीं दे सकी। कांग्रेस ने अपने समय में हर तरह से खुद को किसान हितैषी सरकार साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भाजपा व मोदी ने कांग्रेस को उसी के हथियार से उसे ऐसी मात दी है। वह इस मात को बरसों नहीं भूलेगी कि वह जीत रह थी तो भाजपा ने उसे कैसे चार महीने के भीतर हरा दिया।

# रचनाकार से राजनीतिज्ञ:अटल बिहारी और उनकी कविताएं


0000



डॉ. चन्द्र शेखर शर्मा

**कविता को राजनीति की नहीं बल्कि राजनीति को कविता की जरूरत होती है। संसद में या लाल किले से जब भी अटल जी बोलते तो एक राजनीतिज्ञ के साथ एक कवि के रूप में भी बोलते। उनका यही कवि मन और काव्यमंच की वकतृत्व शैली श्रोताओं के मन में उनकी बात को स्थापित कर देता।**

भारतीय राजनीति में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का नाम बड़े आदर के साथ लिया जाना मात्र एक संयोग या प्रचलित औपचारिकता का पर्याय न होकर उनके शिष्टाचार, रचना धर्मिता और स्वातंर्त्योत्तर भारत में उनकी महत्वाकांक्षा सहित तथा निष्पक्ष भूमिका का परिणाम है। भारतीय संस्कृति की जड़ों तक उनका ज्ञान और विलक्षण वाक्-शैली उनको एक अलग राजनेता के रूप में प्रतिष्ठित करती है। यह उनके ज्ञान और सर्जन का ही परिणाम था कि सभी दल के राजनेता उनके राजनीतिक जीवन की शुरुआत से ही उनका आत्मीय सम्मान करते थे। वे विपक्ष में युवा नेता थे, तो भी पं. नेहरू का स्नेहभाजन बने रहे और आगे चलकर वे इंदिरा गांधी की धुर विरोधी पार्टी में होने के बावजूद इंदिरा गांधी का आदर व सम्मान अर्जित करते रहे। वाजपेई जी को प्राप्त यह बिरला आदर उनके ज्ञान, कर्म, सृजन, व्यवहार और राष्ट्र प्रेम के कारण ही था। उनके राजनीतिक जीवन में उनके सृजनधर्मिता उपस्थिति ही उनको को आकर्षण का केंद्र बनाती है। रचनाकार से राजनीतिज्ञ होने तक के सफर का सबसे प्रभावी पड़ाव है उनका काव्य सृजन पक्ष, जो कि उनको परिवार से मिला था। वाजपेयी जी ने स्वयं लिखा है की कविता उन्हें



विरासत में मिली। उनके पिता पंडित कृष्ण बिहारी वाजपेयी अपने जमाने के जाने-माने कवि थे। उनके पिता द्वारा रचित काव्य-प्रार्थना ग्वालियर रियासत की स्कूलों में रोजाना गई जाती थी। घर पर साहित्यिक वातावरण का प्रभाव ही था कि उनके बड़े भाई पंडित अवध बिहारी वाजपेई भी कविता करने लगे। अटल जी भी पिता और बड़े भ्राता से प्रेरणा लेकर कविता करने लगे और किशोरावस्था में ही अच्छी कवितायें लिखने लगे । अटल बिहारी वाजपेयी किशोर वय में ही एक प्रतिष्ठित कवि के रूप में स्थापित हो गए। इतनी कम उम्र में प्रभावी कविता लिखने का दम्भ उनमें नहीं आया, तब भी नहीं जब वे प्रधानमन्त्री हो गए। वे उसे दौर में लिखी हुई अपनी कविताओं को मात्र 'तुकबंदी' कहकर तत्कालीन वरिष्ठों को सम्मान देते रहे।

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती गई उनकी कविता निखरती गई और एक दौर ऐसा आया जब वाजपेई जी मंच के बड़ी का बड़े कवियों के रूप में जाने जाने लगे। अटल जी बड़े-बड़े कवियों जैसे नीरज, शिवमंगल सिंह सुमन, देवराज आदि के साथ मंच पर कविता पढ़ने लगे। वे इतने प्रभावी कवि हो गए कि उन्हें मंच का युवा दीपक के रूप में देखा जाने लगा। लेकिन कविता से प्राप्त यह यश अभी शिखर की सीढ़ियां चढ़ ही रहा था कि उनकी युवावस्था की ऊर्जा ने उनको राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जोड़कर उनकी सर्जना शक्ति को और भी परिष्कृत कर दिया। संघ के दायित्वों और प्रभावी सर्जनाशक्ति के कारण कविता धीमे-धीमे पीछे छूटने लगी। वे पत्रकारिता के द्रुतगामी परिवेश से जुड़ गए। लखनऊ से प्रकाशित 'राष्ट्रधर्म' के संपादकत्व का वृहद भार संभालने के परिणाम स्वरूप लेखन संयोजन की आपाधापी के भंवर में लिखना तो होता रहा पर कविता चुपके से नेपथ्य में चली गई। कविता लिखने के लिए एकाग्रता, क्षोभ रहित समय, और उपयुक्त वातावरण की आवश्यकता होती है। किंतु अखबारी जीवन में यह सब आसानी से नहीं मिलता। उन्होंने भी स्वीकारा था कि संपादकीय गुरुत्व को वहन करते हुए उनको यह तीनों ना मिल सके तो कविता का पीछे छूटा जाना स्वाभाविक था। इसके बाद उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की आपाधापी को कविता ना लिख पाने का भी दूसरा कारण माना है। राजनीति और समाचार पत्रों के संपादकत्व के भार के कारण कविता और भी दूर चली गई पर मन कविता में लग रहा।

अमूमन उनकी कविताओं में राष्ट्रीयता को ही रेखांकित किया जाता रहा है किंतु वास्तव में उनकी कविताओं में स्व से लेकर समाज तक और दिग्दर्शन से लेकर दर्शन तक सभी का समावेश है। उनकी पहली कविता 'यह ताजमहल यह ताजमहल' अपने विषय-वास्तु की सुंदरता की बजाय उसके निर्माण में लगे अपरिमित श्रम और शोषण को रेखांकित करती है। उनकी दृष्टि वैश्विक है और इसी वैश्विक दृष्टि को रेखांकित करती है उनकी दूसरी कविता 'हिरोशिमा की पीड़ा'। यह कविता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक आविष्कारों से जनित विध्वंस को चुनौती देती कविता है। यह कविता अंतरराष्ट्रीय स्तर की कविता है जो एटम बम के आविष्कारों से पूछती है- ÷क्या उन्हें एक क्षण के लिए सही, यह/ अनुभूति हुई कि उनके हाथों जो कुछ/ हुआ, अच्छा नहीं हुआ?÷ इसी तरह ÷मन का संतोष÷ भी वैश्विक परिवेश में अतृप्त आकांक्षाओं को रेखांकित करती हुई कविता है। अटल जी का कविमन विश्व को विध्वंसकारी वैज्ञानिक आविष्कारों के सामने निरीह और लाचार वास्तु के रूप में देखता है।

मानववाद यानी ह्यूमैनिज्म पर उनकी कविताएं आमजन को बल देती हैं । वह मानव समाज की परिस्थितियों से भिड़ने और चुनौतियों से जीतने को प्रेरित करती हैं । वे लिखते हैं- ÷मनुष्य की पहचान,/ उसके धन या सिंहासन से नहीं होती/ उसके मन से होती है।÷ यह दर्शन शास्त्र की बात है। मन यानी वृत्ति ही तो मनुष्य को सुसंस्कृत समाज की ओर ले जा सकती है और इस वृत्ति का सही या शुद्ध होना अटल जी की दृष्टि में बेहद जरूरी है इसीलिए वे कहीं-कहीं पर अपनी कविताओं में व्यक्तिगत वैभव व सुख कि बजाय सार्वजनिन सुख और दर्शन की बात करते हैं। 'पहचान' कविता की यह पंक्तियाँ देश, समाज, जाट, रंग, वर्ग और भेद के तमाम दायरों से परे समग्र मानव समाज को चेतनाभास कराती है- ÷जड़ता का नाम जीवन नहीं है/ पलायन पुरोगमन नहीं है।/ आदमी को चाहिए कि वह जूझे, परिस्थितियों से लड़े/ एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े।÷ इसी तरह 'ऊंचाई' और 'यक्ष प्रश्न' शीर्षक वाली दो कविताएं भी दृष्टव्य हैं। अटल जी की कविताएं स्वर से रंजीत ना होकर संपूर्ण से संबंधित है।

अटल जी की कविताओं में राष्ट्रीयता के स्वर रेखांकित हैं। उनका राष्ट्रराग कहीं-कहीं पर दिनकर से प्रेरित लगता है और कहीं-कहीं पर शिवमंगल सिंह सुमन से। कवि अटल जी का यह राष्ट्रराग वीर रस की ओज में डूबकर उग्र होने की बजाय जरा सा शालीन है। वे भारत का परिचय ओजपूर्ण किन्तु शालीन शब्दों में करते हैं। वे लिखते हैं- शत-शत आघातों को सहकर, जीवित हिंदुस्तान हमारा/ जग के मस्तक पर रोली सा शोभित हिंदुस्तान हमारा/... किंतु चीरकर तम की छाती चमका हिंदुस्तान हमारा। वे लिखते हैं - हृदय हृदय में एक आग है कंठ कंठ में एक राग है/ एक ध्येय हैं एक स्वप्न है लौटना माँ का सुख सुहाग है। दूसरी ओर राष्ट्र की शक्ति को रेखांकित करते हुए वे कहते हैं- आंखों में वैभव के सपने, पग में तूफानों की गति हो/ राष्ट्रभक्ति का ज्वार न रुकता, आए जिस जिस की हिम्मत हो। जब जब कवि और राजनेता के किसी भी मिश्रित व्यक्तित्व पर चर्चा होगी अटल जी बहुत याद आयेंगे। भले ही वे राजनीति में आने के कारण कविता कम लिख पाए पर जितना भी लिख पाए वह इंद्रधनुषी होने के साथ-साथ मूल्यवान भी है। उनकी कविता के इंद्रधनुषी वैविद्य में उनका काव्य सौंदर्य शैली, और औदार्य हर वर्ग को प्रभावित करता है।

कविता को राजनीति की नहीं बल्कि राजनीति को कविता की जरूरत होती है। संसद में या लाल किले से जब भी अटल जी बोलते तो एक राजनीतिज्ञ के साथ एक कवि के रूप में भी बोलते। उनका यही कवि मन और काव्यमंच की वकतृत्व शैली श्रोताओं के मन में उनकी बात को स्थापित कर देता। उन्होंने एक बार राष्ट्र को जागृत होने का संदेश देते हुए अपनी पंक्तियों की इन लाइनों को पढ़कर सबको आशान्वित कर दिया था-

भरी दुपहरी में अंधियारा
सूरज परछाई से हारा
अंतरतम का नेह निचोड़ें बुझी हुई बाती सुलगाएं
आओ फिर से दिया जलाएं।

अटल जी की वक्तृत्वशैली, उनका व्यवहार, उनकी शुचिता के साथ-साथ उनके कविता के लिए भी राष्ट्र उनको याद रखेगा। नमन

## आज का राशिफल

**मेष राशि-** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपका काम आसानी से पूरा होगा। किसी काम को पूरा करने या किसी योजना की शुरुआत करने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आप जीवनसाथी के साथ किसी वैवाहिक उत्सव में शामिल होंगे। पारिवारिक सुख शांति बनी रहेगी। आज किसी मित्र से हुई गलतफहमी को बात करके दूर करेंगे। आज घर की कुछ नयी जिम्मेदारियां आ सकती हैं, जिसे आप अच्छे से निभाएंगे। इस राशि के विवाहित लोगों के लिए आज का दिन ठीक है। जीवनसाथी को खुश करने के लिए नई गाड़ी गिफ्ट कर सकते हैं।

**वृष राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको अपने गुस्से पर काबू रखने की जरूरत है, नहीं तो कुछ लोग आपकी बातों का विरोध कर सकते हैं। आज काम से छुटकारा पाकर बच्चों के साथ समय बिताएंगे। इस राशि के कर्मचारियों को आज ऑफिस में बॉस से वाहवाही मिल सकती है। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन ठीक रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा है, कहीं घूमने जायेंगे। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद के लिए आगे आएंगे।

**मिथुन राशि-** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। इस राशि के सरकारी एग्जाम की तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप जहां जरुरत लगे, वहां समझौता करने के लिए तैयार रहेंगे। आप अपनी योग्यता से अपने परिवार का नाम रोशन करेंगे। आज के दिन कोई करीबी खुशियों को दोगुना कर देगा। लवमेट के साथ लॉग ड्राईव पर जाने का प्लान कैंसिल करना पद सकता है। नवविवाहित दंपत्ति के बीच मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्ते में और मधुरता आएगी।

**कर्क राशि-**आज आपका दिन नयी उमंगो से भरा रहेगा। आप जितनी मेहनत करेंगे उसके अनुकूल आपको लाभ मिलेगा। आपके संतान की सफलता पर बाधाइयां देने लोग आपके घर आएंगे। अगर काफी दिनों से आपका पैसा रुका है तो आज मिल जायेगा। आज आपके दैनिक कार्य आसानी से पूरे हो जाएंगे। आज घर में आप स्वादिष्ट भोजन का आन्नद उठायेंगे। आज आप दोस्तों के साथ खुशमिजाज और दोस्ताना स्वभाव रखेंगे। आज आपके पड़ोसी आपके कार्यों के लिए आपकी तारीफ करेंगे। आपके बच्चे बिजनेस में पूरा स्पोर्ट करेंगे। पुराने मित्रों के साथ अच्छा दिन बितेगा।

**सिंह राशि-** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। इस राशि के लोगों को अपनी सेहत का ध्यान रखने की ज़रूरत है। साथ ही रिश्तेदारों के साथ अपने रिश्तों को फिर तरोताज़ा करने का दिन है। आज दफ़्तर में मशीनों की खराबी परेशानी का सबब बन सकती है। अगर आप किसी परिस्थिति से घबराकर भागेंगे, तो वह आपका पीछा नहीं छोड़ेगी, बेहतर हैं उसको उसी टाइम सॉल्व करें। आज अचानक आपको खुशखबरी मिलने के आसार नजर आ रहे है, जो आपके और परिवार के जीवन में खुशियां भर देगा। परिवार के साथ रात को बाहर डिनर का प्लान बना सकते हो।

**कन्या राशि-**आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आज के दिन किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक स्थिति में फायदा दिलाने वाला होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति होगी, कुछ नई योजना भी बनाएंगे। आपका वैवाहिक जीवन रंगों से भरा रहेगा। आज दोस्तों के साथ अपने रवैये पर कंट्रोल करने की जरुरत हैं। संगीत के क्षेत्र में रुझान को आज किसी शॉ में गाने का मौका मिलेगा, लोग आपकी तारीफ करेंगे। महिलाएं किचन में काम करते समय सावधानी बरते।

**तुला राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज सोच-समझकर कदम बढ़ाने की जरुरत हैं, दिल की बजाय दिमाग़ का ज़्यादा इस्तेमाल करना आपके लिए अच्छा होगा। इस राशि के जो लोग किसी नए बिजनेस की शुरुआत करना चाहते हैं, उनके लिए आज का दिन शुभ हैं। दांपत्य जीवन खुशनुमा बना रहेगा।यात्राओं से व्यावसायिक रिश्तो में सुधार होगा। जिस काम का आपको लम्बे समय से इंतजार था वो आज पूरा हो जाएगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, कंप्यूटर कोर्स ज्वाइन करने का मन बनाएंगे।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन ठीक रहने वाला है। इस राशि के जो लोग व्यापार से जुड़े हैं, उन्हें आज निवेश करने और अनुमान के आधार पर पैसे लगाने से बचना चाहिए। आज आप परिवार के सदस्यों के साथ कुछ मनोरंजक पल बिताएंगे। व्यावसायिक साझीदार कार्यों में सहयोग करेंगे, जिससे रुके हुए कार्य पूरे होते जाएंगे। आज आपके विरोधी आपसे दूरी बनाकर रहेंगे। आज आपके प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। ऑफिस के कार्यों से भागदौड़ अधिक रहेगी। दोस्तों के साथ मनोरंजन भरी यात्रा हो सकती है। आज आपका दाम्पत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

**धनु राशि-** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप फैमिली के साथ कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे, परिवार में उत्साह का माहौल बना रहेगा। आज के दिन आपको लेन-देन सम्बन्धी मामलों में थोड़ा एहतियात बरतने की जरूरत है। इस राशि के जो लोग राजनीति से जुड़े हैं वे लोग आज अपनी सभा आयोजित करेंगे, सभा में कुछ इम्पोर्टेन्ट टॉपिक पर चर्चा होगी। आज आपके सरकारी कार्यों में कागज पूरा न होनी पर थोड़ी रुकावट आ सकती है, लेकिन जल्द ही सारे काम हो सॉल्व होंगे। लवमेट्स आज आपकी खुशियों को दोगुना कर सकते हैं।

**मकर राशि-** आज आपका दिन लाभ दिलाने वाला है। कई वर्षों की मेहनत का फल आज आपको मिल सकता है। आप दिनभर एनेर्जेटिक रहेंगे, काम में आपका मन लगा रहेगा। इस राशि के जो लोग स्टील के बिजनेस से जुड़े हैं उनके लिए आज ज्यादा लाभ के योग हैं। आपकी बातों से किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचे इस बात का ख़ास ख्याल रखेंगे। इस राशि के जो लोग कपड़े का व्यापार करते हैं आज का दिन उनके लिए अच्छा हैं। आज आपके व्यापार में दो गुना धन लाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं।

**कुंभ राशि-** आपका दिन अच्छा रहेगा। जो छात्र किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं उनके लिए सफलता के योग हैं। समाज में आपके द्वारा किए गए कामों की तारीफ़ होगी आपका सम्मान बढ़ेगा। आपकी अच्छी कार्यशैली से लोग आपसे बहुत कुछ सीखेंगे। आज परिवार में आपकी बातों को ज्यादा महत्व दिया जायेगा। आज आप किसी तरह की लापरवाही न बरतें। लवमेट्स से आज आपको उपहार मिलेगा, साथ में कहीं घूमने जायेंगे। दूर रहकर जॉब कर रहे लोगों को आज परिवार से मिलने का मौका मिलेगा।

**मीन राशि-**आज आपका दिन आपके लिए ठीक ठाक रहेगा। आपका अच्छा व्यव्हार आपको लोगों का प्रिय बना देगा। आपके कुछ छिपे विरोधी आपके बारे में अफवाहें फैला सकते हैं आप उनकी बातों को इग्नोर करें। अगर आप किसी बिजनेस में इन्वेस्ट करना चाहते हैं तो किसी एक्सपर्ट से राय जरूर ले लें। ऑफिस में आपके काम की सराहना होगी, जूनियर आपके काम से बहुत कुछ सीखेंगे। अविवाहित लोगों के लिए आज शादी का अच्छा प्रपोजल आयेगा। परिवार में सुख का वातावरण रहेगा। छात्रों के लिए दिन अच्छा है।

## व्यंग्य

# छेड़ने की गुस्ताखी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



दो दिन से एक दाढ़ी वाले बाबा भीड़-भाड़ वाले चौरस्ते पर सब्जी बेच रहे थे। हरकारा लगाते हुए कह रहे थे ङ्क मूली लेलो, गाजर ले लो। सस्ते-सस्ते दामों पर, मनचाही सब्जी ले लो। हम कुछ लोगों ने उनसे कहा, बाबा आपके बारे में शिकायतें आ रही हैं। सुना है आप अपने आस-पड़ोस के खेतों से सब्जी चुरा ले आते है और औने-पौने दामों में बेचते हैं। ऐसा करते आपको शर्म नहीं आती। बाबा नितांत स्वर में बोले, शर्म? काहे का शर्म? किससे शर्म? और आखिर क्यों करूँ शर्म? चलो एक पल भर के लिए मान भी लिया जाए कि मैं चोरी की हुई सब्जी बेचता हूँ इसका कोई प्रमाण है तुम्हारे पास? नहीं न। पहली बात तो यह कि बिना प्रमाण के किसी पर निराधार आरोप लगाना शोभा नहीं देता। मैं सब्जी औने दाम में बेचूँ या फिर पौने दाम में। इससे तुम्हें क्यों खुजली मची है? चाहे कुर्सी प्रधानमंत्री की हो या फिर इस गंदे से चौरस्ते पर बैठने के लिए थोड़ी सी जगह की, दोनों बड़ी मुश्किल से मिलते हैं। इतिहास गवाह है बेटा थोड़ी सी जगह पाने के चक्कर में दुनियाभर के लोग अपनी दुनिया लुटा देते हैं। इस पर भी न तो जगह मिलती है और न ही दुनिया। दोनों से ठन-ठन गोपाल होकर इस दुनिया से निकल पड़ते हैं। कोई संन्यासी बनकर कुर्सी पर बैठा है तो कोई घर-संसार। कोई हजार चूहे खाकर तो कोई अपनों को डुबोकर। बेटा इच्छाओं को पालने से कुछ नहीं होता। होता है तो उसके लिए तीन-पाँच करने से। इस चौरस्ते पर इतनी छोटी सी जगह पाने के लिए मैं कितने लोगों को कितना रुपया देता हूँ तुम्हें क्या पता? मेरे जैसे लोगों के दिए हुए रुपए से यहाँ का फलाना नेता गुंडे पालता है। उन्हीं के बल पर जमीन हड़पने का पावन धंधा करता है। अपनी कमाई का हिस्सा अपने से बड़े नेता को देता है। बड़े नेता यही धंधा बृहत स्तर पर करता है और अपने पद के मुताबिक शोभा बढ़ाता है। धीरे-धीरे यह हड़पने की घुट्टी केंचुए को साँप और साँप को अजगर बना देता है। बेटा यह सिलसिला वामन अवतार की तरह होता है। पहले दिखने में छोटा और आगे चलकर बड़ा बन जाता है। बाबा की बातें सुन हम शर्म से पानी-पानी होकर लौटने ही वाले थे कि उन्होंने हमें रोक लिया। लगा कि हमारे बेशर्म होने का कोटा अभी बाकी था। बाबा ने कहा, बेटा एक बात तो बताओ। क्या दुनियाभर का तिनका तुम्हें मेरी दाढ़ी में ही नजर आता है? बरखूरदार! तिनका छिपाने के लिए दाढ़ी नहीं दिमाग की जरूरत पड़ती है। सरकारी संस्थाएँ आदि जब बेच दिए जाते हैं या फिर भाड़े पर चढ़ा दिए जाते हैं तब तो जाकर तुम लोग किसी की गर्दन नहीं पकड़ते। चले हैं मुझ पर अपनी धाक जमाने। अब छोटों में भी बड़ों सा जिगरा फिट हो गया है। जाते-जाते यह एक मूली ले जाओ। हो सके खा लेना वरना इसका जो करना है, कर लेना। वैसे भी आजकल चोरी की हुई चीजों का ही चलन अधिक है। इसलिए फिर कभी अनाप-शनाप बकने की कोशिश मत करना।

## ऑफिस जाने के नाम से ही होने लगती है घबराहट

ज्यादातर लोग दिन का मैक्सिमम टाइम ऑफिस में बिताते हैं. जिसका असर उनकी मेंटल हेल्थ पर पड़ता है. एक वक्त में कई प्रोजेक्ट का हाथ में होना और सीनियर्स की बढ़ती एक्सपेक्टेशंस वर्कप्लेस स्ट्रेस लेवल को बढ़ाने का काम करता है, जो एंग्जाइटी बन सकता है. इसकी वजह से कुछ लोग शॉर्ट टेम्पर्ड हो जाते हैं, तो कुछ सिरदर्द या बदन दर्द की समस्याओं से जूझने लगते हैं. महिलाओं में भी इस तरह का स्ट्रेस खतरनाक माना जाता है. मनोचिकित्सक का कहना है कि वर्कप्लेस एंग्ज़ाइटी की वजह से काम पर फोकस नहीं हो पाता है और कई तरह के निगेटिव थॉट्स घेर लेते हैं. ऐसे में कुछ टिप्स को फॉलो कर ऑफिस एंग्जाइटी से खुद को बचा सकते हैं. आइए जानते हैं...

**टाइम मैनेज करना सीखें**-अगर आप अपने काम को समय पर पूरा कर लेते हैं तो आपकी आधी चिंताएं अपने आप ही खत्म हो जाती हैं. दरअसल, बहुत से लोग ज्यादा से ज्यादा समय सोशल मीडिया पर बिता देते हैं, जिसका असर उनके वर्क पर पड़ने लगता है. इसलिए असाइन टास्क को डेडलाइन का इंतजार करने से पहले की खत्म करने की कोशिश करें.

**सोशल एंगेजमेंट कम न होने दें**-ज्यादातर समय अकेले बिताने वाले लोगों में मायूसी और उदासी ज्यादा देखने को मिलती है. ऐसे में अपनी सोशल एंगेजमेंट बढ़ाने की कोशिश करें. दोस्तों के साथ समय बिताएं. इससे मेंटल हेल्थ बूस्ट होगी और आप फ्रेंडली नेचर के होंगे. अपना समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने में दें.

**निगेटिव सेल्फ टॉक से बचने की कोशिश करें**-कई बार हम खुद को कमजोर मान लेते हैं, जिससे खुद से शिकायतें बढ़ जाती हैं. इससे निगेटिव सेल्फ टॉक भी बढ़ जाते हैं. इसलिए अपनी खूबियों को पहचानकर छोटी छोटी सफलताओं को सेलिब्रेट करना शुरू करें. इससे सेल्फ कॉफिडेंस बढ़ता है

## विश्लेषण

# कोरोना की दहशत और भारतीय रेल

निर्मल रानी





देश में एक बार फिर घोर संक्रमणकारी मर्ज़ कोरोना के संभावित विस्तार को लेकर अटकलों का बाज़ार गर्म है। कोरोना के लगातार बढ़ रहे मामलों ने पूरे देश को एक बार फिर चिंता में डाल दिया है। भारतीय स्?वास्?थ्?य मंत्रालय के अनुसार कोरोना के नए मामलों के साथ-साथ उसका नया वैरिएंट जेएन.1 भी पैर पसारने लगा है। भारत में अबतक इस वायरस के कई मामले सामने आ चुके हैं। नए वैरिएंट को लेकर आईसीएमआर जियो सिक्?वेंसिंग के माध्?यम से जानकारी जुटाने में लगा हुआ है। परन्तु स्?वास्?थ्?य मंत्रालय ने यह भी कहा है कि इसे लेकर फ़िलहाल घबराने की ज़रूरत नहीं है क्योंकि नए वैरिएंट की चपेट में आए अधिकांश लोगों का इलाज अब तक घर पर ही संभव हो सका है। फिर भी देश उन दिनों को भूल नहीं पा रहा जब भारत सहित विश्व के अधिकांश देश 'लॉक डाउन ' से जूझ रहे थे। उस समय विश्व की अनेक सरकारों ने जहां कोरोना के वैश्विक प्रसार को रोकने के लिये पूरे विश्व की विमान सेवाओं को स्थगित कर दिया था वहीँ देश के भीतर रेल व बस सहित लगभग सभी सार्वजनिक यहाँ तक कि निजी वाहनों के आवागमन को भी कोरोनाकाल में प्रतिबंधित कर दिया गया था। माना जाता है किसी भी देश में महामारी के विस्तार में सबसे बड़ी भूमिका रेल प्रणाली की ही होती है। क्योंकि इसमें बड़ी संख्या में यात्री एक दूसरे के निकट आते जाते व बैठते हैं तथा देर तक और दूर तक साथ यात्रा करते हैं। इसलिये किसी भी महामारी के विस्तार में रेल सबसे अहम भूमिका निभाती है। अब एक बार फिर भारत में कोरोना के पैर पसारने की ख़बर आ रही है। इस बार यह एक नये वैरिएंट के साथ फैल रहा है। देश के लगभग सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं।कई एयर पोर्ट पर यात्रियों की प्रारंभिक व ज़रूरी जांच शुरू हो चुकी है। कुछ राज्यों ने मास्क अनिवार्य कर दिए हैं। सरकार की ओर से भी नागरिकों को कोरोना से बचाव सम्बन्धी दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। परन्तु सबसे बड़ा सवाल यह है कि देश की रेल व्यवस्था जिसे की कोरोना विस्तार का सबसे अहम कारक माना जाता है उसे लेकर सरकार और रेल मंत्रालय की तरफ़ से क्या तैयारियां हैं ? इत्तेफ़ाक़ से पिछले दिनों एक पारिवारिक विवाह समारोह में शिरकत करने के लिये लखनऊ जाने का मौक़ा मिला। कोरोना विस्तार के भय के साये में हो रही लखनऊ की यह रेल यात्रा बेहद चौकस होकर करनी पड़ी। परन्तु अफ़सोस की बात तो यह है कोरोना की दहशत के साये में भी ट्रेन में दुर्व्यवस्था,गंदिगी,विभागीय अवहेलना का वही आलम देखने को मिला जो आम तौर पर भारतीय रेल में हमेशा ही दिखाई देता है। मेरा आरक्षण 13307 गंगा सतलुज ट्रेन में था। अपराह्न क़रीब तीन बजे ट्रेन लखनऊ पहुंची। धनबाद से चलकर लखनऊ पहुँचने वाली ट्रेन के वातानुकूलित कक्ष में फ़र्श पर हर तरफ़ चादर कम्बल आदि फैले हुये थे। यह उन यात्रियों के थे जो धनबाद लखनऊ के बीच इसका इस्तेमाल कर छोड़ गए थे। परन्तु साथ चल रहे बेडिंग वितरण स्टाफ़ की अनदेखी व अकर्मण्यता के चलते उन्हें समेटा नहीं गया था जिसके चलते वह डिब्बे में इधर उधर गुज़रने वाले यात्रियों के जूतों की ठोकरें खा रहे थे। कई वातानुकूलित कक्ष तो ऐसे थे जिसके एक प्रवेश द्वार को इन्हीं बेड रोल वितरण स्टाफ़ द्वारा बेड रोल के बोरों से भरकर स्थाई रूप से बंद कर दिया गया था। इससे यात्रियों द्वारा कम्पार्टमेंट का एक ही दरवाज़ा प्रयोग में लाया जा रहा था जोकि उस डिब्बे में चढ़ने उतरने वाले यात्रियों के लिये काफ़ी भीड़ भरा व कष्टदायक था। दूसरी तरफ़ मेरे जैसे अनेक यात्री जो लखनऊ से अपराह्न 3 बजे सवार हुये थे उन्हें ठण्ड होने के बावजूद रात आठ बजे तक बेडिंग नहीं दी गयी। उधर इसी ट्रेन के डिब्बे में टॉयलट से लेकर आवागमन के रास्तों में यहाँ तक कि शयन बर्थ पर गंदिगी का वह आलम था की जगह जगह कॉकरोच विचरण करते दिखाई दे रहे थे। वाश बेसिन ओवरफ़्लो हो रहे थे। टॉयलट में हैंड वाश नाम की कोई चीज़ नहीं। कोई सेनिटाइज़िंग का प्रबंध नहीं, बल्कि दुर्गन्धपूर्ण वातावरण था । इसके बजाये वातानुकूलित कक्ष में सारी रात आम यात्रियों की आवाजाही और टी टी की 'अनुकम्पा ' से उन्हें ए सी कोच में यात्रा के लिये इजाज़त देना जैसी अनेक बातें ऐसे थीं जिन्हें देखकर यह महसूस ही नहीं हो रहा था कि देश एक बार फिर कोरोना की दहशत में जी रहा है। और न ही इस बात का एहसास हो रहा था कि सरकार ख़ासकर रेल विभाग की ओर से भी ऐसे कोई उपाय किये गये हों जोकि कोरोना विस्तार को रोकने में मददगार साबित हों ? यहां तक कि रेलवे स्टेशन पर भी इससे सम्बंधित कहीं कोई निर्देशावली नज़र नहीं आई। कहीं इससे सम्बंधित कोई उद्घोष होते नहीं सुनाई दिया। केवल अख़बार और कुछ टी वी चैनल्स के माध्यम से ही कोरोना सम्बन्धी कुछ सूचनायें मिल पा रही हैं। परन्तु ठीक इसके विपरीत उत्तर प्रदेश की पूरी राजधानी और रेलवे बस स्टेशन एयर पोर्ट बाज़ारें मॉल आदि मोदी की कथित गारंटी के प्रचार से पटे पड़े हैं। 22 जनवरी के अयोध्या कार्यक्रम का प्रचार ज़ोरों पर है। सरकार बड़े गर्व से हज़ारों करोड़ प्रचार पर ख़र्च कर यह बता रही है की कैसे वह देश के अस्सी करोड़ लोगों को 'मुफ़्त ' राशन बाँट रही है।

सवाल यह है कि सरकार जनता के जितने पैसे अपनी पीठ थपथपाने वाले विज्ञापनों पर ख़र्च कर यह साबित करना चाहती है कि वर्तमान सरकार और उसके कुछ चुनिंदा नेता गोया मानव नहीं बल्कि 'अवतार' हैं उससे कहीं कम ख़र्च में जनता को कोरोना से बचाव के विषय पर जागरूक किया जा सकता है। रेल संचालन को केवल सफ़ाई,सेनिटाइज़िंग व यात्रियों को जागरूक कर और रेल चलित स्टाफ़ की ज़िम्मेदारियों का निर्धारण कर कोरोना नियंत्रण हेतु प्रभावी बनाया जा सकता है। कोरोना की दहशत के मध्य भारतीय रेल का स्वछ, कुशल व ज़िम्मेदारी पूर्ण संचालन बेहद ज़रूरी है।

## एक नजर

### अभ्यर्थियों का निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने 29 दिसम्बर को बैठक

**कांकेर, 27 दिसम्बर।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के अभ्यर्थियों का व्यय लेखा प्रस्तुत किये जाने हेतु शुक्रवार 29 दिसम्बर को प्रातः 11.00 बजे से जिला कार्यालय के सभा कक्ष में बैठक आहुत की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 में परिणाम घोषणा के 30वें दिन के भीतर व्यय लेखा दाखिल किया जाना है, जिसमें अभ्यर्थी को अपने निर्वाचन व्यय की न्यूनोक्त राशि (यदि कोई है) का लेखा समाधान करने का एक और अवसर दिया जाएगा।

अतएव अभ्यर्थी अथवा उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं से उक्त बैठक में लेखा दाखिल करने संबंधी सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### सम्मान निधि की राशि से कृषक विनोद को खेती कार्य को आगे बढ़ाने में मिली मदद

**कांकेर, 27 दिसम्बर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत तालाकुर्री में 25 दिसम्बर को कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के हितग्राही ग्राम तालाकुर्री के किसान श्री विनोद रावटे ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के जरिए उपस्थित लोगों को बताया कि सम्मान निधि योजना के तहत एक किस्त में दो हजार रूपए की राशि प्राप्त होती है और साल भर में कुल 06 हजार रूपए राशि मिलती है। इस राशि का उपयोग खेती-बाड़ी कार्य के साथ अन्य जरूरतों को पूरा कर रहे हैं और कृषि कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं।

श्री रावटे ने बताया कि सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली राशि हम जैसे छोटे किसानों के लिए बहुत राहत देने वाली है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी किसानों से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ उठाने की अपील की। कृषक श्री विनोद रावटे ने सम्मान निधि योजना के लिए केन्द्र सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर, 27 दिसम्बर।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा आरबीसी 6-4 के तहत पखांजूर तहसील के ग्राम पी.व्ही. 18 मायापुर निवासी 35 वर्षीय सुकदेव मंडल की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित श्री मनिन्द्र मंडल, श्रीमती सुखदा मंडल, दीपचय मंडल और कुमारी मुस्कान मंडल को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान तहसीलदार पखांजूर के द्वारा हितग्राही के बैंक खाता में डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

# वीर बाल दिवस, गीदम समेत समस्त मण्डल में मनाया गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 27 दिसम्बर।** मंगलवार को वीर बालक दिवस के रूप में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मनाया गया । वीर बालक दिवस के अवसर पर भाजपा गीदम मण्डल के पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता जावंगा स्थित आस्था गुरुकुल में बच्चो से मिलने विधायक चैतराम अटामी के साथ पहुंचे 7 विधायक चैतराम अटामी ने कहा की सिख धर्म के दसवें गुरु गुरुगोविन्द सिंह के प्रकाश पर्व 09 जनवरी 2022 को विश्व के लोकप्रिय एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि गुरु गोविंद सिंह के छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत को याद करते हुए 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जायेगा इसी तारतम्य में आज वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया । इसके साथ ही ऑडिटोरियम दंतेवाड़ा,लाइब्रेरी दंतेवाड़ा,गायत्री परिवार में भूमि पूजन एवं प्राण प्रतिष्ठा दिवस कार्यक्रम और आदिवासी हल्बा समाज बस्तर महासभा शक्ति दिवस समारोह मैलावाडा पहुँच शामिल हुए विधायक चैतराम अटामी 7 भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजेश कश्यप ने कहा की साहिबजादो की बेमिसाल शहादत के प्रति श्रद्धांजलि देने के लिए 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जा रहा है । इस कार्यक्रम में राजेश कश्यप,राकेश कुशवाहा, दीपक बाजपेई,मनीष सुराना,बुधरी ताती,जसवीर नेगी,अंति वेक,श्रीकांत राव,उरदो ठाकुर,अजय अवस्थी,दिनेश कौशल,राजेंद्र स्वाई,रजनीश सुराना,शम्भू वट्टी, राजेश सुराना अजय नागेश अनीश जॉर्ज,आदर्श ओसवाल,चंदन राय एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।

## राष्ट्रीय कराते चौंपियनशिप में छग की टीम ने 14 सिल्वर और 3 ब्रोंज मेडल जीते

**सुकमा, 27 दिसंबर ।** पश्चिम बंगाल के खड़गपुर में 23वां राष्ट्रीय जापान केन्यू रुय कराते चौंपियनशिप खड़गपुर युवा एकेडमी के द्वारा 22, 23 और 24 दिसंबर को आयोजन किया गया था। जिसमें 9 राज्य के खिलाड़ीयों ने इस चौंपियनशिप में भाग लिया था। कराटे कोच बसंत कुमार जेना और टीम प्रबंधक रोहित साहू के साथ छत्तीसगढ़ के टीम से 28 खिलाड़ी भी इसमें हिस्सा लिया था। जिसमें से 17 कराते खिलाडियों ने जीत हासिल किया। चौंपियनशिप में काता, कुमुते, टीम काता, टीम कुमूते, जिनमे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने कुमूते में 14 सिल्वर मेडल और 3 ब्रोंज मेडल प्राप्त किए हैं। जिनमें - आलोक मंडल (24), सुनीता सरियम (19), मनीषा माड़वी (19), सविता पुजारी (23) , पवन कुमार (19), सुब्रत सरकार (24), मंगेश कुरामी (18), मरकम पोज्जा (21), सुनील मरकम (17), कृष्णा कुहरामि (16), देवा माड़वी (20), बमन मरकम (18), मनीराम बघेल (15), मनीराम मरकम (18) समेत 14 सिलवर पदक प्राप्त किये और जेनिल मंडावी (13), संदीप यादव (14), संदीप बघेल (15), इन तीनों खिलाडियों नें ब्रोंज मेडल प्राप्त किये स 23वां राष्ट्रीय जापान केन्यू रुय कराते चौंपियनशिप में छत्तीसगढ़ तृतीय स्थान प्राप्त किया।बहुत ही गर्व की बात- छत्तीसगढ़ के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि यह खिलाड़ी सुकमा जिले से है जो अति संवेदनशील क्षेत्र में आते है। अब समय के साथ लोगों की सोच बदल रही है और अब सुकमा जिला अच्छे खिलाड़ियों के नाम से जाना जाएगा।

# अवैध धान परिवहन व भंडारण के अब तक 11 प्रकरण बनाए गए



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 27 दिसंबर।** राज्य सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के 45 दिनों में सिर्फ 11 प्रकरण ही बना पाए। जिला के पत्रकारों ने सदैव अवैध तस्करी के समाचार बनाते आ रहे हैं । कलेक्टर आकाश छिकारा ने धान उपार्जन अवधि के दौरान ओड़िशा प्रांत से जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में विक्रय के लिए आने वाले धान की रोकथाम एवं कार्यवाही करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को आवश्यक निर्देश दिये गए है। इस पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व देवभोग द्वारा ओडिशा सीमा पर 15 चेकपोस्ट बनाया गया है। इनमें कैटपदर, धूपकोट, नागलदेही,खुटगांव, सागौनभाड़ी, खोकसरा, झिरीपानी, केन्दुबन, कोदोभांठा, उसरीपानी, बरही, अमाड़ मगररोड़ा, पोटापारा एवं ठीरलीगुड़ा शामिल है। इसी तरह मैनपुर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा 11 चेकपोस्ट बनाया गया है। अनेसर, पानीगांव, मटिया, मुनगापदर, बंधियामाल, बनवापारा, बिरीघाट, तेतलखुटी, धुरवापथरा, उरमाल एवं भरवामुड़ा शामिल है। जहां सातों दिन चौबीस घण्टे निगरानी के लिए 6 पालियों में अधिकारी - कर्मचारी की संयुक्त रूप से ड्यूटी लगाई है। जिला प्रशासन द्वारा अन्य प्रांत से आने वाले अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इनमें देवभोग अनुभाग अंतर्गत अब तक 10 प्रकरण में 1475 बोरा धान जप्त एवं 6 वाहन जप्त कर कार्यवाही गया है। इसी तरह मैनपुर अनुभाग अंतर्गत एक प्रकरण में 50 बोरा धान एवं एक वाहन जप्त कर कार्यवाही की गई है। राजस्व अधिकारियों ने बताया कि जिले में धान के अवैध परिवहन और भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## समाचार संक्षेप

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों का करें पंजीयन: कलेक्टर



**सुकमा, 26 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री हरिस. एस ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में आयोजित गई 47 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविरों में हितग्राहियों को केन्द्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारीयों योजनाओं से अधिक से अधिक लाभान्वित कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री डीएन कश्यप, संयुक्त कलेक्टर श्री डीआर ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्री डीसी बंजारे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने भारत संकल्प यात्रा के शिविरों में केंद्र सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित कराए गए कुल हितग्राहियों के संख्या के संबंध में योजनावार समीक्षा की। शिविरों में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को कुल रसोई गैस कनेक्शन के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत शिविरों में अब तक जारी किए गए कुल आयुष्मान कार्ड के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने इस योजना के अंतर्गत जिले के शत प्रतिशत लोगों का अनिवार्य रूप से आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश भी दिए है। इसके लिए अधिकारियों को आधार कार्ड अपडेशन हेतु शिविर लगाने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के कार्यों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने ने प्रत्येक शिविरों में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक हितग्राहियों को बीमा कराने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कृषि विभाग के उप संचालक को शिविरों में बनाए जा रहे किसानों के क्रेडिट कार्ड के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर श्री हरिस. एस ने ज़िले में अब तक धान ख़रीदी और उठाव की भी जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ज़िले में चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली। कहा कि सभी विभाग निर्माण कार्यो की समीक्षा भी करें। कुकानार से जगदलपुर जाने वाले एनएच सड़क और पुलिया के मरम्मत कार्य में निरतंर विलंब होने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह के अंत तक सभी मरम्मत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत चिन्हित 18 प्रकार के पारंपरिक व्यवसायों में अधिक से अधिक लोगों को प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार-स्व रोजगार से जोड़ने के लिए पंजीयन करने के निर्देश दिए। प्रधानमन्त्री आवास योजना के तहत स्थाई प्रतीक्षा सूची एवम् आवास प्लस में जिले में पात्र हितग्राहियों के दस्तावेज पूर्ण कर आवेदन जमा कराने के निर्देश दिए ताकि जिलेवासियों को शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य अनुसार शत प्रतिशत लाभ मिल सके। बैठक में शासन की योजनाओं से हितग्रहियों को डीबीटी के माध्यम से शत प्रतिशत लाभांवित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

### वीर बाल दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन



**सुकमा, 26 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिखों के दसवें गुरू गोविंद सिंह के छोटे पुत्रों शाहिबजादा जोरावर सिंह और शाहिबजादा फतेह सिंह द्वारा छोटी उम्र में सिख पंथ की गरिमा और सम्मान की रक्षा हेतु दिये गये उनके सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हुए 26 दिसंबर को विवेकांनन्द सभागार पुराना कलेक्टोरेट सुकमा में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर जिला स्तरीय ''वीर बाल दिवस'' के रूप में मनाया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री धनीराम बारसे के द्वारा सर्वप्रथम शाहिबजादा जोरावर सिंह और शाहिबजादा फतेह सिंह छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की गई। उपस्थित अन्य विशिष्ट अतिथियों के द्वारा भी छाया चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, का नई दिल्ली से प्रसारित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में यू-टूब के माध्यम से शाहिबजादों की बहादुरी की पूरी कहानी को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। जिससे उपस्थित दर्शकगण अत्यधिक प्रभावित हुए। कार्यक्रम को श्री धनीराम बारसे श्री हुंगाराम मरकाम विशेष अतिथि श्री डमरूराम नाग जी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सुकमा एवं श्री सुश्री दीपिका शोरी, के द्वारा सम्बोधित किया गया। सुश्री दीपिका शोरी के द्वारा शाहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा बाबा फतेह सिंह की अपने धर्म, देश के प्रति अदम्य साहस, वीरता एवं सर्वोच्च बलिदान पर सविस्तार प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में श्री संजय सोड़ी, श्री नुपूर वैदिक, श्री जोगा बारसे सरपंच झापरा, श्री सोभन गंधामी, श्री उपेन्द्र नायक एवं श्री समर पाईक उपस्थित रहें। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में विद्यालयीन छात्र/छात्राओं तथा स्कूल शिक्षा विभाग, समग्र शिक्षा, के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहें।इस जिला स्तरीय कार्यक्रम के अतिरिक्त जिले के अन्य विद्यालयों में भी क्विज प्रतियोगिता, निबंध् प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, फोटो प्रदर्शनी, फैंसी ड्रेस जैसे विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### जिले की ग्राम पंचायतों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



**सुकमा, 26 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के हितग्राहियों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित करने का कारगर माध्यम साबित हो रही है। इसके अंतर्गत आज जिले के ग्राम पंचायत गुडरा, धोबनपाल और कोड़रे में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में आयुष्मान कार्ड पंजीयन, पीएम उज्ज्वला योजना के तहत पंजीयन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का नवीन पंजीयन सहित शासन के अन्य जनकल्याणकारी योजनों के पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, केसीसी ऋष्टा स्वीकृत करने हेतु किसानों का आवेदन लिया गया। इस दौरान 'मेरी-कहानी, मेरी-जुबानी' के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर हितग्राहियों को केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी योजना के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इसके अलावा शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयॉ भी वितरित की गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# गादीरास के दयालबाग विश्वविद्यालय में मनाया गया सुशासन दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 27 दिसंबर।** जिले के गादीरास में दयालबाग शिक्षण संस्था (डीम्ड विश्वविद्यालय) आगरा के द्वारा महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण दिया जा रहा है, वहीं 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जयंती अवसर पर सुशासन दिवस मनाने के साथ ही साथ पं मदन मोहन मालवीय जयंती मनाकर उन्हें नमन किया। और अंत में सिलाई प्रशिक्षण में शामिल महिला ने क्रिसमस-डे की बधाईयां दी। साथ ही दयालबाग विश्वविद्यालय का 108 वां स्थापना दिवस भी मनाया गया। साथ ही संस्था द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन इसी तरह करते रहते हैं। गादीरास दयालबाग शिक्षण संस्था (डीम्ड विश्वविद्यालय) आगरा के द्वारा सिलाई प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से नक्सल प्रभावित ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भर बनाने की अभियान के तहत महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम बैच के सिलाई प्रशिक्षण शिविर में 28 महिलाओं ने सिलाई प्रशिक्षण पूर्ण कर चुकी है। दूसरे चरण के प्रशिक्षण शिविर में 33 महिलाओं ने प्रशिक्षण ले रही है, प्रशिक्षण 3 महीने तक चलेगा। सिलाई प्रशिक्षण कर रहे महिलाओं ने बताया की सिलाई प्रशिक्षण के प्राप्त कर हम स्वयं के लिए रोजगार महिया होगा। इस प्रशिक्षण शिविर हमारे लिए काफी लाभदायक सिद्ध हो रहा है, क्योंकि 3 महीने तक हमें सिलाई प्रशिक्षण की बारीकियां बताई जा रही है जिसे हम अच्छे से सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, और आने वाले भविष्य में हम अपने लिए रोजगार सृजन करने में हमें मदद मिलेगी, इसके लिए हम संस्था को आभार जताया। दयालबाग शिक्षण संस्था के विजेन्द्र कुमार व श्रीमती भुपिन्दरजीत कौर के द्वारा सिलाई प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह संपूर्ण प्रशिक्षण सीआरपीएफ द्वितीय वाहिनी के देख-रेख में चला रहा है।

प्रशिक्षण के साथ महत्वपूर्ण जानकारियां देना हमारा लक्ष्य -संस्था के सहयोगी श्रीमती सावित्री शरण ने संबोधित करते हुए कि पं. मदनमोहन मालवीय जी का जन्म 25 दिसंबर, 1861 को इलाहाबाद में हुआ था। वे भारत के पहले और अंतिम व्यक्ति थे जिन्हें महामना की सम्मानजनक उपाधि से विभूषित किया गया। पत्रकारिता, वकालत, समाज सुधार, मातृभाषा तथा भारत माता की सेवा में अपना जीवन समर्पित करने वाले मालवीय जी ने राष्ट की सेवा के साथ ही साथ नवयुवकों के चरित्र-निर्माण के लिए और भारतीय संस्कृति की जीवंतता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना 1915 में की, वो हिंदू महासभा के संस्थापक रहे। वहीं प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को जन सरोकार से जुड़े विभिन्न जानकारियां भी सजा की जाती है।

**महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना हमारा लक्ष्य**-संस्था के सहयोगी विजेन्द्र कुमार व श्रीमती भुपिन्दरजीत कौर के बताया कि आज दयालबाग विश्वविद्यालय का 108 वां स्थापना वर्ष भी मनाया जा रहा है। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें नमन करते सुशासन दिवस मनाया गया साथ ही पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने क्रिसमस-डे की शुभकामनाएं दी। दयालबाग शिक्षण संस्थान (डीम्ड विश्वविद्यालय) आगरा के द्वारा महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने की पहल की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसी वर्ष दयालबाग संस्था के द्वारा अच्छी नस्ल की 6 ऊंटो की खरीदी गई है, और ऊंट के संवर्धन एवं इसके अध्ययन किया जाएगा। उन्होंने खुशी जहर करते हुए कहा कि इसके कुछ दिन बाद अंतर्राष्ट्रीय (ऊँट) कैमलिड्स वर्ष 2024 का घोषित किया है, ऊंट का खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान है, ऊँट विश्व के 90 से अधिक देशों में पाए जाते हैं।


सिलाई प्रशिक्षण का आयोजन सीआरपीएफ सेकेंड बटालियन के कमांडेंट रतिकांत बेहेरा एवं जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के सहयोग से चलाया जा रहा है। सीआरपीएफ द्वितीय कमान अधिकारी अनामी शरण ने बताया कि दयालबाग विश्वविद्यालय का 108 वां वर्ष पूर्ण हुआ है, दयालबाग विश्वविद्यालय विभिन्न प्रशिक्षण के माध्यम से लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के क्षेत्र में काम किया जा रहा है, उन्होंने बताया कि संस्था के 100 केंद्र है, जिसमें भारत और विदेश में भी इसकी शाखाएं हैं, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम संचालित किया जाता हैं।

# हल्बा-हल्बी समाज ने अतकारीरास में शक्ति दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा,27 दिसंबर।** अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज के द्वारा जिले के ग्राम पंचायत अतकारीरास में शक्ति दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के वरिष्ठ जनों के द्वारा ग्राम देवी मुसिया माता एवं आराध्य देवी माई दंतेश्वरी की पूजा अर्चना कर समाजिक झंडा रोहन कर किया गया। वहीं शहीद गैंद सिंह के शहादत व उनके योगदान को भी याद कर उन्हें नमन किया। मंगलवार को अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज के द्वारा सर्वप्रथम स्थानीय ग्राम देवी के मंदिर से मूसरिया माता मंदिर से कलश यात्रा निकालकर गांव के भ्रमण के उपरांत कलश यात्रा का समापन मंदिर प्रांगण में किया गया। इसके मूसरिया माता मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर समाज प्रमुख को जनों के द्वारा समाजिक झंडा रोहन किया गया। प्रतिवर्ष हल्बा समाज के द्वारा 26 दिसम्बर शक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है, वहीं इस कार्यक्रम से हल्बा समाज की सभ्यता संस्कृति का बोध होता है। यह समाज आदिवासी वर्ग के स्वभाव से सरल, और अपने में एक आदर्श होते है। जिसके चलते हल्बा आदिवासी समाज अपने विचारों पर चलने वाला समाज है। इस दौरान उपसरपंच सुंदरलाल नाग, सुखदास अतकारी, मोतीराम कश्यप, जीआर नाग, भपेंद्र अतकारी, उत्तम सिंह राणा सहित समाज के महिला पुरुष एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सीताराम नाग ने बताया कि आज हल्बा समाज के द्वारा शक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है, शक्ति दिवस के अवसर पर सभी लोग एकत्रित होकर समाज में एकता और अखंडता को बनाए रखना हैं, सभी के सहयोग से समाज को बेहतर दिशा में आगे ले जाने के लिए चर्चा की गई, साथ ही सामाजिक रूप से समाज को मजबूती देने के लिए समाज के सभी वर्ग के लोगों को संगठित होकर एकता और अखंडता बना रखने पर जोर दिया।



अतकारीरास सरपंच सत्यवती कश्यप ने शक्ति दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि हमारा आदिवासी समाज क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित और एकजुट रखने के लिए हम सब मिलकर कार्य करना है, ताकि हमारा समाज भी अन्य समाजों की तरह विकसित और आत्मनिर्भर बन सके। उन्होंने बच्चों को शिक्षा देने, युवाओं को रोजगार जोड़ना और कृषि के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर समाज की उन्नति करने के लिए हम सब संगठित होकर कार्य करने की आवश्यकता है, समाज के प्रत्येक व्यक्ति अपना योगदान बढ़ चढ़कर दे।

# वन अमले ने राजपुर गांव में छापा मारकर तीन घरों से सागौन के पल्ले किए जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 27 दिसंबर।** उदंती सीता नदी टाइगर प्रोजेक्ट के क्षेत्र पढ़ने वाले विभिन्न जंगलों से उड़ीसा के तस्कर अवैध कटाई करके शागौन जैसे बहुमूल्य लड़कियों की तस्करी लगातार जारी था जिसके सूचना के बाद गरियाबंद उदंती सीता नदी टाइगर प्रोजेक्ट के उपनिदेशक ने इन जंगलों पर घेराबंदी किया जिसके बाद अनेक साइकिलों के माध्यम से लकड़ी के पल्ले काट कर तस्करी होते पाए गए जिस पर दो साइकिल सावार को पकड़ा गया जिनके निशान देही पर आज उड़ीसा नवरंगपुर के राजपुर गांव जो नवरंगपुर जिला उडिसा के अंतर्गत आता है वहां छापेमारी की गई जहां तीन घरों में छापे के बाद लगभग तीन घन मीटर से अधिक सागौन के पल्ले बरामद किए गए जिनकी कीमत लगभग चार लाख रुपया बतलाई जा रही है साथ ही ये लड़कियां वहां के किसानों ने अपने खलिहान के पैरों के अंदर छुपा कर रखा था कुछ लोगों ने घरों में छुपा कर रखा था तो वहीं कुछ बढाई लोगों ने अपने घरों में इन लड़कियों के माध्यम से विभिन्न फर्नीचर तैयार कर रखे हुए थे छापेमारी में 20 से अधिक वन विभाग के कर्मचारी अधिकारी और स्वयं उदंती सीता नदी टाइगर प्रोजेक्ट के उपनिदेशक वरुण जैन ने कार्रवाई में शामिल होकर नेतृत्व कर लड़कियों का जखीरा बरामद किया ।इन आरोपियों को कल न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## कोविड की रोकथाम के लिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में किया मॉकड्रिल

**कांकेर, 27 दिसम्बर।** भारत के समस्त राज्यों में नए कोरोना वायरस (जेएन-1) के फैलाव होने के कारण आगामी नव वर्ष एवं त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे द्वारा कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम एवं प्रबंधन हेतु शासन द्वारा जारी दिशानिर्देश के अनुसार जिले के सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में गत दिवस मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। डॉ. खरे ने बताया कि सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में मानव संसाधन, आईसोलेशन बेड, आक्सीजनयुक्त बेड, आईसीयू बेड, वेन्टीलेटर युक्त बेड की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता का आंकलन किया गया। साथ ही वेन्टीलेटर प्रबंधन प्रोटोकाल का पालन, मेडिकल आक्सीजन का उपयोग एवं पीएसए संयत्रों के संचालन इत्यादि का आंकलन कर उन्हें सुदृढ़ किया गया। जिले के समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में कोविड जांच कीट, पीपीई कीट, मास्क एवं दवाईयों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। वर्तमान में जिले में कोविड-19 मरीजों के उपचार हेतु कोविड अस्पताल ईमलीपारा कांकेर में 36 बेड एवं 08 आईसीयू बेड की व्यवस्था कर अस्पताल का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 05-05 ऑक्सीजन बेड युक्त के साथ आईसोलेशन वार्ड भी स्थापित किए गए हैं।

## एक नजर

### सहायक खाद्य अधिकारी सुशील कुमार टंडन के निधन पर कलेक्टर ने जताया दुःख



**बलौदाबाजार,27 दिसंबर।** जिला कार्यालय स्थित खाद्य विभाग में पदस्थ सहायक खाद्य अधिकारी सुशील कुमार टण्डन का आज आकस्मिक निधन हो गया। निधन की समाचार मिलते ही अधिकारियों कर्मचारियों में दुःख की लहर छा गई। श्री टंडन का अंतिम संस्कार कल 26 दिसंबर को उनके गृह ग्राम परसाडीह (गिधौरी,कसडोल ब्लाक) में सुबह 10 बजे होना है। जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा की ओर से प्रतिनिधि अधिकारी गण उपस्थित रहेगें।इसके साथ मे खाद्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहेगें। कलेक्टर श्री चंदन कुमार ने श्री टंडन के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किये हैं। उन्होनें कहा कि श्री टंडन बेहद कर्मठ, सहज एवं मिलनसार हंसमुख साथ ही युवा अधिकारी थे। उनका इस तरह अचानक जाना हम सबको अवश्य प्रभावित करता है। कलेक्टर ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना एवं सहानुभूति भी प्रकट की है।

### गुरु गोविंदसिंह के साहबजादो की शहादत को नमन कर प्रभातफेरी निकाली गई

भाटापारा 27 दिसंबर। सिक्ख पंथ के दशम पिता श्री गुरुगोविन्द सिंघ के चार साहबजादों ने अपने पिता के वचनों को आत्मसात करते हुए सूरा सो पहचानिये जो लरे दीन के हेत , पुरजा पुरजा कट मरें कबहु ना छाड़े खेतू के अनुसार बड़े साहबज़ादे बाबा अजीत सिंह जी और बाबा जुझार सिंह जी चमकौर की धरती पर लाखों की मुगल सेनाओं पर भारी पड़े एक एक साहबजादों ने लाखों मुगल सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया और शबद उचारिया ।। सवा लाख से एक लड़ाऊँ ता गोविंद सिंह नाम कहाऊं । दोनों छोटे साहबज़ादे बाबा जोरावरसिंह जी ते बाबा फ़तेह सिंघ जी , जो बाल अवस्था में ही मुगल शासक वजीर खां के फरमान पर जिन्दा दीवार में चुनवा दिया गये । यह शहादत इतिहास के पन्नों में हैं जिसे महसूस करने से ही रोम रोम आत्मविभोर हो जाता । इन्हीं चार साहबजादों की शहादत और शौर्य को नमन करने हेतु 26 दिसम्बर को स्थानीय पंजाबी गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा से प्रभातफेरी निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गों पर शब्दकिरतन करते हुए वापस गुरुद्वारा में सम्पन्न हुई जिसमें समाज के माताओं बहनों और बड़ी संख्या में पुरुषों और बच्चे शामिल हुए ।

### सुशासन दिवस पर किसानों को दिया गया धान का बकाया बोनस



**चारामा 27 दिसंबर।** भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्मदिवस के अवसर पर 25 दिसंबर को पूरे प्रदेश भर में सुशासन दिवस के रुप में मनाया गया जिसके तहत छत्तीसगढ़ के सभी किसानों के लिए समारोह आयोजित कर धान बोनस वितरण किया गया इसी क्रम में विकासखण्ड मुख्यालय चारामा के जनपद पंचायत कार्यालय में भी धान बोनस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने स्व श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को याद किया जिसके बाद मंच पर उपस्थित अतिथियों ने किसानों को बारी बारी से संबोधित किया । किसानों को धान की खरीफ फसल 2014-15 एवं 2015-16 का 2 वर्ष के बोनस की राशि प्रति क्विंटल 300 रुपये की दर से प्रदान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष आलोक ठाकुर,कांकेर जिला भाजपा के अध्यक्ष सतीश लाटिया,चारामा भाजपा के मंडल अध्यक्ष प्रकाश जोतवानी,जनपद पंचायत के अध्यक्ष अरुण मरकाम,नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारेलाल देवांगन,विजय मंडावी,जनपद सदस्य मोती लाल ठाकुर,ब्रजेश चौहान,कैलाश खत्री,ढाल सिंह सिन्हा,प्रताप सलाम,खेमचंद तिवारी,गौरी शंकर साहू,रवि सिन्हा,सुशील निषाद,देव कोसरिया,ओम प्रकाश साहू,अंकित जैन एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राकेश गोलछा,डिप्टी कलेक्टर सुश्री हर्ष लता वर्मा, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोपाल सिंग कंवर,जिला सहकारी बैंक के मैनेजर देवांगन सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र से आए हुए किसान उपस्थित रहे।

# साहिबजादा जोरावर सिंह,फतेह सिंह के शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस मनाया

## बच्चों ने भाषण, गीत, कविता, रंगोली, चित्रकला के माध्यम से अर्पित की विनम्र श्रद्धांजलि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा 27 दिसंबर।** सिख समुदाय के दसवें गुरु, गुरू गोविंद सिंह के पुत्रों साहिबजादा जोरावर सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह के शहादत की स्मृति में बाल दिवस आयोजित की गई।महिला एवं बाल विकास तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में अमर शहीदों को नमन करते हुए साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश साहू जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी थे।अध्यक्षता खोमन चंद्राकर,अध्यक्ष नगर पंचायत छुरा ने की।विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति भोलेशंकर जायसवाल, पूर्व पार्षद तुलसी राम साहू, से.नि. व्याख्याता के.आर.सिन्हा मंचासीन थे।विकासखंड शिक्षा अधिकारी के.एल. मतावले, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक महेश राम साहू, प्राचार्यगण एन.सी. साहू, प्रदीप मिश्रा, के.के. साहू, प्रधानपाठक एम.एल.साहू, शीतल ध्रुव विशेष अतिथि के रूप में विराजमान थे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीता यादव द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना



एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी के.एल.मतावले ने प्रतिवेदन वाचन करते हुए कहा कि बच्चों में देशभक्ति, साहस, त्याग, समर्पण, राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने के उद्देश्य से वीर बाल दिवस आयोजित की गई है। मुख्य अतिथि की आसंदी से राजेश साहू ने कहा कि देशप्रेम, वैराग्य, समर्पण, धर्म परायण, ज्ञान, बलिदान का जज्बा जो नन्हे से उम्र में साहिबजादा जोरावर सिंह, साहिबजादा फतेह सिंह की शहादत से मिलता है, उसका कोई दूसरा मिसाल नहीं हो सकता। खोमन चंद्राकर ने अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंह और उनके अमर शहीद साहिबजादो पर हुए क्ररुता की घटना से रूह कांप जाता है।ऐसे विकट परिस्थितियों में देशप्रेम, धर्म, ईमान के खातिर प्राण न्यौछावर करने वाले मां भारती के अमर शहीदों को वतन नमन करता है। साहिबजादो के शौर्य गाथा को विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक महेश राम साहू, सेवानिवृत्त व्याख्याता के.आर. सिन्हा एवं उपस्थित अतिथियों ने भी बखान किया। विद्यालयीन छात्र-छात्राओं गरिमा, धानीका, हंसीका, मीनल, ख्याति, गगन शर्मा, डुलेश्वरी, यमन साहू, भावना निर्मलकर, निमिषा, देवीका, रौनक, चांदनी पटेल, कौशल्या बंजारे ने ओजपूर्ण भाषण प्रस्तुत किया। महिमा, ख्याति, डुमेश्वरी, डालेश्वरी, मीनल, रानू जायसवाल, नम्रता, चंद्रप्रभा, गरिमा, रुखमणी, सेवती, सीमा, गीतांजलि, तेजस्वी द्वारा गीत, कविता द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। ऐश्वर्या, विभा, अंजलि, हर्षिता, ओजस्वनी, लक्ष्य ठाकुर द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य प्रस्तुत किया गया। सिद्धार्थ साहू, मनीष, भावना, दिव्या, सीमा, गीतांजलि, तेजस्वी आदि द्वारा रंगोली एवं हंसिका, रागनी, सुनीता, डिम्पल, भावना आदि द्वारा मनभावन चित्रकला बनाई गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने 26 दिसंबर 1705 के हृदय विधायक घटना को वीर रस की कविताओं के माध्यम से समारोह में रखा। उन्होंने साहिबजादा फतेह सिंह उम्र महज 7 वर्ष और साहिबजादा जोरावर सिंह उम्र महज 9 वर्ष की बाल उम्र में धर्म त्यागने की बजाय प्राण त्यागना स्वीकार करने की महागाथा से प्रेरणा लेने की बात कही। आभार प्रदर्शन सुपरवाइजर रेखा देवांगन ने किया। सभी विधाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किये विद्यार्थियों को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को कलम भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग से राधा रानी सोनी, कुशल वर्मा, रोशनी नारंगी, सावित्री भार्गव, रामेश्वरी मिरी, लूकेश्वरी चंद्राकर, दुष्यंत सहित सैकड़ो की संख्या में सुपरवाइजर तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे। शिक्षक सुदामा प्रसाद लोधी, होरीलाल कुर्रे, ईश्वर सेन, डी श्रीदेवी, शक्ति खरे, चुम्मन लाल कंडरा, दिवस यादव, विनय यदु, डोमेश्वर ध्रुव, मोहन ध्रुव, सीमा सिंह, नेहा जायसवाल, लॉरेंस महिलाने, युवराज कंवर सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# सपने में नही सोचा था कि बोनस के रूप में 9 लाख रुपपये से अधिक राशि मिलेगी

■ **खेती किसानी को बढ़ाने एवं घर के आवश्यक खर्चों में करूंगा उपयोग - अनिल कुमार**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,27 दिसम्बर।** सुशासन दिवस के अवसर पर पूरे राज्य के किसानों को वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 का बकाया धान बोनस मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदान किया गया। जिससे किसानों के खाते में राशि जमा होते ही उनके चेहरे में खुशी की लहर छा गई है। ऐसे ही बलौदाबाजार भाटापारा जिले के अंतर्गत भाटापारा विकासखंड के ग्राम अमेठी के निवासी 66 वर्षीय किसान



अनिल कुमार को बकाया बोनस के रूप में 9 लाख 29 हजार 280 रूपये मिला है। बोनस की राशि मिलते ही बेहद ही प्रसन्नचित है। श्री अनिल कुमार ने बताया कि मुझे वर्ष 2014-15 के 4 लाख 64 हजार रूपए और वर्ष 2015-16 के 4 लाख 64 हजार 640 रूपए की बोनस राशि प्राप्त हुई है। उन्होने कहा कि मैं सपने में भी नही सोचा था कि बोनस के रूप में 9 लाख रूपये से अधिक राशि मुझे मिलेगा.अब जो राशि मुझे मिला है उसका उपयोग मै खेती-बाड़ी कार्य को आगे बढ़ाने एवं घर के आवश्यक खर्चों में करूंगा। उन्होने आगे कहा कि किसानी का कार्य अब बेहद ही मुनाफे का कार्य हो गया है इस सरकार से हमे और भी अधिक उम्मीद है।बकाया बोनस की राशि मिलने पर श्री अनिल कुमार ने इसके लिये मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया है।

*अंवरी 27 दिसंबर।** धान खरीदी केन्द्रों में नवंबर माह के 1तारीख से खरीदी कार्य लगातार जारी है उपार्जन केन्द्र गातापार(कोर्रा)से प्राप्त जानकारी अनुसार गातापार उपार्जन केंद्र के ग्राम गातापार,कोर्रा,हंचलपुर को मिलाकर यहां पंजीकृत किसानों की संख्या कुल 1306 है रकबा 1260.28हे. व केंद्र का खरीदी लक्ष्य 63000 क्वि. जिसमें टोकन 813 किसानों का टोकन जारी हो चुका है।

# तिल्दा नेवरा सुशासन दिवस पर किसानो को दिया धान का बोनस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 27 दिसंबर।** पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आज 25 दिसंबर को छत्तीसगढ़ में सुशासन दिवस मनाया गया । केबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल बी एन बी स्कुल प्रांगण में पहुंचे जहां पर भाजपा महामंत्री अनिल अग्रवाल एवं नगर पालिका उपाध्यछ विकास सुखवानी के नेतृत्व में सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओ ने आतिशबाजी के साथ गाजे बाजे और फूल मालाओं से स्वागत किया विशाल जन समूह को सबोधित करते हुए मंत्री ने कहा 11 दिन में क्या काम हो सकते हैं किंतु भाजपा की सरकार ने 11 दिन में किसानों को



बोनस देकर अपने वायदे को पूरा किया है, ऐसे भी भारतीय जनता पार्टी.जो कहती है.उसे गांरटी के साथ पूरा करती है कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा आज स्वर्गीय अटल जी की जयंती है। पूरा विश्व उनका सम्मान करता है। सर्व शिक्षा अभियान, गांव-गांव में सड़कों का निर्माण, पोखरण परमाणु परीक्षण अटल जी की ही देन है। तिल्दा पंचायत के अंतर्गत 32584 किसानों का 49 करोड़ 19 लाख 52 हजार 117 रूपये का किसानों के खाते में दो साल के धान की बकाया बोनस राशि ऑनलाइन ट्रांसफर किये जाने की जानकारी दी इस मौके पर कैबिनेट मंत्री श्री अग्रवाल ने तिल्दा के किसानों को दो साल के धान के बकाया बोनस राशि वितरण प्रमाण पत्र और आयुष्मान कार्ड का प्रतीकात्मक शुभारंभ किया।उन्होने सभी अधिकारी और कर्मचारियों को ईमानदारी से काम करने की बात कही और अवैध कामो पार एक माह के भीतर बंद करने की बात कही कार्यक्रम में तिल्दा छेत्र के किसान ,शहर के गणमान्य नागरिक ,भाजपा शहर और ग्रमीण के कार्यकर्ता ,अधिकारी और कर्मचारीगण भारी संख्या में उपस्थित थे।

# जोगी कुंआधाम में गुरु घासीदास जयंती मनाई गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 27 दिसंबर।** प्राचीन धरोहर स्थल जोगी कुंआ धाम में विगत दिन बाबा गुरु घासीदास जी की 267 वी जयंती का आयोजन किया गया था। जिसमे प्रमुख रूप से जोगी कुंआ धाम के संरक्षक श्री वेदराम मनहरे जी, प्रदेश प्रभारी नशा मुक्ति मोर्चा मुख्य अतिथि रहे, अध्यक्षता कुंदरू सरपंच प्रतिनिधि यशवंत वर्मा जी, विशेष अतिथि के रूप में अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स के विभाग प्रमुख श्री उदय शंकर लाल जी, सुरक्षा अधिकारी श्री एस के महापात्रा जी, श्री मिश्रा जी, सामाजिक उत्तरदायित्व अधिकारी श्री राहुलदेव मोहता जी, श्री शंकर लाल वर्मा जी पूर्व सरपंच सिलप्पटी, श्री राजन यादव उपसरपंच कुंदरू, श्री महैशु निषाद पूर्व जनपद सदस्य, श्री मुन्ना लाल गुप्ता, टंडवा उप सरपंच, श्री मिथलेश साहू अध्यक्ष सरपंच संघ, श्री रुवेल सोनवानी ब्लॉक अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा तिलदा ग्रामीण, डॉ श्री सुधेन्दु पारेय जी,अतिथि के रूप रहे। प्रथम महिला संसद ममता मयी मिनी माता जी , और गुरु अम्मर दास जी के प्रतिमा का अनावरण समाज के लोगों व अतिथियों के द्वारा किया गया। पालो चड़ाने मे प्रमुख रूप से शिव प्रसाद मलहरे, चरण दास चेलक, शिव टंडन,



देवेंद्र पुरांडे, पंडित गोपाल डहरिया, तारा चंद बंजारे ने किया, माताओ के आरती व पालो चड़ाने के बाद 777 दिये से मंदीर परिसर को सजाया गया था। सभी अतिथियों का साल, गुलदस्ता, फूल माला, नारियल, गमछा से, स्वागत अभिनंदन किया गया, पंथी पार्टी सुनता के दिया चरण राज गायकवाड के टीम के द्वारा सतनाम भजन प्रस्तुत किया गया, कोटा भीभोरी बालक बालिका पंथी ने बाबा जी के संदेश को प्रस्तुत किया, ग्राम बहेसर के रिकॉर्डिंग डांस ग्रुप के द्वारा भी रंगारंग प्रस्तुति दिया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता दिनेश गायकवाड संस्था के अध्यक्ष के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में खीर पुड़ी, भोजन की व्यवस्था किया गया था। समाज के महिला पुरुष मौजूद रहे, शिव कुमार टंडन, चरण चेलक, ताराचंद बंजारे, देवेंद्र पुरांडे, मनोज सोनवानी, भगवती भारती, मनोज गायकवाड, भरत टंडन,मोहित बंजारे,संतोष गेंडरे, कबीर चेलक, तुलसी लहरे, इंद्राणी टंडन, पुष्पा टंडन, सत्यवती पुरांडे, प्रियंका गायकवाड, आप पास गाँव के बहुत लोग मौजूद थे।

## वीर बाल दिवस पर साहिबजादों को दी गई श्रद्धांजलि

# कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा वीर बाल दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 27 दिसंम्बर।**अपने धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए बलिदान हुए 10 वे सिख गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह की सर्वोच्च शहादत की स्मृति में 26 दिसम्बर 2023 को वीर बाल दिवस मनाया गया। बलौदाबाजार स्थित पण्डित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय प्रांगण में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्री टंकराम वर्मा एवं अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राकेश वर्मा सहित अन्य अतिथियों के द्वारा साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2022 में हर वर्ष 26 दिसम्बर को साहिबजादे जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह की बलिदान की स्मृति में पूरे देश मे वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस गौरवपूर्ण आयोजन से न केवल अपने धर्म के लिए अडिग रहने की शिक्षा मिलती है बल्कि अच्छे विचार भी विकसित होए हैं। हम धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म हमारी रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास




सिख समुदाय की कुर्बानी से भरापूरा है । देश व धर्म के लिए अनेक महापुरुषों ने बलिदान दिया है। साहिबजादों ने बहुत छोटी उम्र में जो यातनाएं सहकर शहादत दी वह अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे वीर बालकों की वीरता की कहानी बच्चों को सुनाने से उनमें भी धर्म व देश के लिए सदविचार उत्पन्न होंगे।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राकेश वर्मा ने कहा कि आज का दिन यादगार दिन है।इन दो बालको ने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर अमर हो गए। ऐसे वीर बालक विरले ही पैदा होते हैं, उन्हें बारंबार नमन है। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार भाटापारा जिले से पहली बार कैबिनेट मंत्री बने है जिससे जिले का तेजी से विकास होगा। पंडित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री बी सिंह ने साहिबजादों के जीवनी और बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

स्पर्धा में विजेता हुए सम्मानित- वीर बाल दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों के लिए निबंध, भाषण , कविता पाठ एवं चित्रकारी स्पर्धा का आयोजन किया गया। स्पर्धा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभगियों को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। इनमें निबंध प्रतियोगिता में वंशिका वर्मा प्रथम, रागिनी धृतलहरे द्वितीय एवं कृति साहू तृतीय, कविता पाठ में चित्रांशु बंजारे प्रथम, झरना रानी यादव द्वितीय एवं पायल वर्मा तृतीय, भाषण प्रतियोगिता में हेमलता यादव प्रथम एवं नीलेश साहू द्वितीय, चित्रकारी में पायल शर्मा प्रथम, गीतांजलि यादव द्वितीय एवं जतिन कुमार बंजारे तृतीय शामिल हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, अपर कलेक्टर श्री अनुपम तिवारी पार्षद श्रीमती मंजीत कौर, श्रीमती सविता साहू, श्री विजय केशरवानी, नरेश केशरवानी, श्री अजय राव, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीएल देवांगन, जिला कार्यक्रम अधिकारी टिकवेन्द्र जाटवर सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, सिख समाज के सदस्य एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नज़ूल अधिकारी डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202311092100020
अ/6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक रामप्रसाद यादव आ. भूनेश्वर यादव जाति ठेठवार निवासी बुधवारी पारा वार्ड नंबर 13 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवदेन पेश किया है कि आवेदक की पत्नि स्व. सावित्री बाई यादव के नाम पर नजूल नगर डोंगरगढ़ में शीट क्रमांक 06 भूखण्ड कमांक 1998 क्षेत्रफल 780 वर्गफुट भूमि स्थित है, एवं आवेदक की पत्नि सावित्री बाई यादव की मृत्यु दिनांक 02/10/1996 को डोंगरगढ़ में निवास करते हो गई है। स्व. सावित्री बाई यादव के मृत्यु उपरांत उपरोक्त भूमि / मकान के विधिक वारिसान् रामप्रसाद (पति) मोहन यादव (पुत्र) सोहन यादव (पुत्र) उषा (पुत्री) आशा (पुत्री) है। अतः आवेदक उपरोक्त भूमि / मकान में अपनी पत्नि स्व. सावित्री बाई यादव का नाम विलोपित कर अपना व अन्य विधिक वारिसानों का रामप्रसाद (पति) मोहन यादव (पुत्र) सोहन यादव (पुत्र) उषा (पुत्री) आशा (पुत्री) नजूल अभिलेखों में इन्द्राज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनाँक 27/12/2023 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है. नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 24/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
डोंगरगढ़ (छ.ग)



**कार्यालय नगर पंचायत चिखलाकसा, जिला-बालोद (छ.ग.)**

कमांक /1351/लो.नि.वि./न.पं./2023-24 — चिखलाकसा, दिनांक: 27/12/2023

**//मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना//**

नगर पंचायत चिखलाकसा जिला बालोद अंतर्गत सांसद निधि मद 2023-24 से **पानी टैंकर (चार पहिया) प्रदाय कार्य नगर पंचायत चिखलाकसा,** हेतु ठेकेदार / फर्म से फार्म ''बी'' में आईटम दर पर तीन लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1 निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय -03.01.2024 समय 3.00 बजे तक
2. परीक्षण पश्चात् निविदा प्रपत्र जारी करने का दिनांक व समय -10.01.2024 समय 3.00 बजे तक
3. स्पीड पोष्ट / पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में निविदा प्राप्त होने का दिनांक -29.01.2024 समय 3.00 बजे तक
4. निविदा खुलने का दिनांक व समय 29.01.2024 समय 4.00 बजे

उपरोक्तानुसार कार्य की निविदा से संबंधित सामान्य शर्ते धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालय नगर पंचायत चिखलाकसा के नोटिस बोर्ड पर एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास की वेबसाईट www.uad.cg.gov.inदेखा जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत चिखलाकसा
जिला-बालोद (छ.ग.)



**कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवभोग, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

(Email :- bmodeobhog@gmail.com)

कमांक/एनएचएम/निविदा/2023-24/ 1275 — देवभोग, दिनांक 20/12/2023

**निविदा - प्रपत्र**

कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवभोग, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) की ओर से विकासखण्ड में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम व अंतः रोगी मरीजों हेतु भोजन/नाश्ता हेतु निविदा एवं मितानिन प्रशिक्षण हेतु निविदा एवं एनएचएम कार्यालय अंतर्गत मासिक/समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण हेतु भोजन/नाश्ता प्रदाय हेतु कुल 03 अलग-अलग निविदा हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्म से मोहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

**निविदा हेतु निर्धारित तिथियाँ:-**

| क्रमांक | विविरण | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा विक्रय की अंतिम तिथि | 05.01.2024 | सायं 05:00 बजे तक |
| 2 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 08.01.2024 | अपरान्ह 02:00 बजे तक |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि | 08.01.2024 | सायं 04:30 बजे से |

**निविदा फार्म भरने हेतु आवश्यक निर्देशः -**

1. उपरोक्त तीनों कार्यक्रम हेतु अलग-अलग निविदा आवेदन किया जाना होगा।
2. प्रत्येक निविदा आवेदन हेतु 500/- (पांच सौ रूपये) का डिमांड ड्राफ्ट ''बीएमओ मेन एकाउंट'' के नाम से बनाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवभोग के एनएचएम कार्यालय में जमा कर निविदा फार्म प्राप्त किया जा सकता है ।
3. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में सर्वाधिकार क्रय समिति के पास होंगे।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवभोग
जिला-गरियाबंद (छ.ग.)



**कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**

फोन नं. 07705.223640 — ई-मेल : bpmu.kurud2019@gmail.com — फोन नं. 07705.223640

क्रमांक / खचिअ/निविदा/2023-24/1058 — कुरूद, दिनांक 08.12.2023

**// द्वितीय निविदा निरस्तीकरण सूचना//**

कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.) के कार्यालयीन पत्र क्र./खचिअ/निविदा/2023-24/62 कुरूद दिनांक 04.12.2023 के माध्यम से आमंत्रित निविदा निरस्तीकरण सूचना-

| क्र. | कार्य का नाम |
|---|---|
| 01 | अंतः रोगी भर्ती मरीजो, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम एवं विभिन्न विभागीय बैठक प्रशिक्षणो में भोजन, चाय, नास्ता प्रदायगी हेतु आमंत्रित निविदा अपरिहार्य कारणो से निरस्त किया जाता है, नवीन निविदा हेतु अलग से सूचना प्रकाशित किया जायेगा । |

जी- 06697/4

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सिविल अस्पताल कुरूद
जिला - धमतरी (छ.ग.)



**सी एण्ड ए.जी. से इम्पैनल्ड सी.ए. की नियुक्ति के संबंध में निविदा आमंत्रण की सूचना**

संचालनालय, कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें के अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा सोसायटी के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य हेतु सी एण्ड ए.जी. से इम्पैनल्ड सी.ए. की नियुक्ति किया जाना है। जिसके वार्षिक मानदेय/फीस निर्धारण हेतु इच्छुक सी एण्ड ए.जी. से इम्पैनल्ड, न्यूनतम 5 वर्ष के शासकीय संस्था/सोसायटी के आडिट कार्य के अनुभवी तथा दो या दो से अधिक ISA क्वालीफाईड पांच पार्टनर युक्त सी.ए./फर्म से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक सी.ए./ फर्म कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा सोसायटी, द्वितीय तल, ब्लाक-सी, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़ के पते पर स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक द्वारा निविदाएं प्रस्तुत की जा सकती है। अनुबंध और प्रपत्र का विवरण विभागीय वेब-साईट www.cglabour.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

निविदा फार्म बिक्री की अंतिम तिथि : 05 जनवरी 2024 दोपहर 1.00 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : 05 जनवरी 2024 दोपहर 2.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि : 05 जनवरी 2024 दोपहर 3.00 बजे तक
निविदा खोलने का स्थान : कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा सोसायटी, द्वितीय तल, ब्लाक-सी, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़

(डॉ. राजेश डेगन)
बीमा चिकित्सा पदाधिकारी (प्रथम श्रेणी)
कर्मचारी राज्य बीमा सोसायटी

जी- 06655/3

## एक नजर

### युवक को पीटा

**रायपुर, 27 दिसम्बर।** गुरूमुख सिंह नगर न्यू राजेन्द्र नगर मामूली बात पर चार लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मंतोष कुमार भट्ट 38 वर्ष हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी माजदा वाहन से जा रहा था, तभी गुरूमुख सिंह नगर न्यू राजेन्द्र नगर के पास आरोपी दीपक दास, दीपक मिश्रा, मुकेश व रिषभ पटेल प्रार्थी को रोककर शराब पीने के लिए पैसा मांगा। जिससे प्रार्थी ने पैसा नहीं दिया तो आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 341, 294, 506, 323, 327, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दुकान संचालक से मारपीट

**रायपुर, 27 दिसम्बर।** संजयनगर स्थित नंदनी किराना दुकान के संचालक से मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शरद कुमार गुप्ता 48 वर्ष गौरा चौरा संजयनगर का रहने वाला है। प्रार्थी किराना दुकान चलाता है। बताया जाता है कि आरोपी सोनू साहू, यशवंत एवं दादू प्रार्थी के दुकान में चोरी के नियत से घुसे थे। जिससे प्रार्थी ने देख लिया तो तीनों आरोपी वहां से भाग निकले। जिसके बाद आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया और कहा कि हमारे खिलाफ रिपोर्ट लिखवाते हो। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर से हजारों रुपए के सामान पार

**रायपुर, 27 दिसम्बर।** ग्राम बरबंदा में अज्ञात चोर ने घर का ताला तोड़कर हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी द्रोणकुमार वर्मा 28 वर्ष ग्राम बरबंदा का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के मकान का ताला तोड़कर छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 04 जेए9345 में सोफा सेट, डायनिंग टेबल पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 8 गिरफ्तार

**रायपुर, 27 दिसम्बर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई है। मिली जानकारी के अनुसार आरंग पुलिस ने लखौली बस स्टेण्ड के पास सरेआम शराब पीते आरोपी जितेन्द्र मालो 52 वर्ष, राजकुमार बांधे 45 वर्ष व मनदु राम बांधे 52 वर्ष कारे गिरफ्तार किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी दाउलाल बंजारे 26 वर्ष, मनीष धीवर 19 वर्ष, हिगेन्द्र धीवर 22 वर्ष, मोहित वर्मा 34 वर्ष व पुनाराम वर्मा 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### प्रतिबंधित सिरप के साथ दो युवक पकड़ाए

**रायपुर, 27 दिसम्बर।** गुढियारी पुलिस ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 6 के पास प्रतिबंधित सीरप के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन प्लेट फार्म नंबर 6 में दबिश देकर आरोपी राहुल साहू 23 वर्ष व एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से एक लगेज में प्रतिबंधित कोडिन फास्फेट एंड ट्राईपो लाइडिंग सीरप 174 नग जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 30450 रुपए जब्त किया है।

### अवैध शराब बेचते युवक गिरफ्तार


**रायपुर, 27 दिसम्बर।** मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम गोढ़ी में दबिश देकर अवैध शराब बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 23 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 160 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने ग्राम गोढ़ी में दबिश देकर आरोपी दुकलहा यादव 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 23 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 160 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### रायपुर में गणतंत्र दिवस की तैयारियां शुरू

**रायपुर, 27 दिसम्बर।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 गरिमापूर्ण मनाने और इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की पूर्व तैयारियों के लिए आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने राज्य शासन के विभिन्न विभागों के उच्च स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। वीडियो कॉन्फ्रेंस से आयोजित इस बैठक में डीजीपी अशोक जुनेजा, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू और रेणु पिल्ले शामिल हुई। मुख्य सचिव ने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के आयोजन के संबंध में तमाम व्यवस्था और तैयारियों के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए है। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस ग्राउंड रायपुर में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा।

# लोगों को खींच-खींच कर ले जा रहे हैं ये बड़ी शर्म की बात: केदार गुप्ता

**रायपुर 27 दिसंबर।** कांग्रेस का आज 139वां स्थापना दिवस है, कांग्रेस इसे बड़े धूमधाम से मना रही है. नागपुर में कांग्रेस आज हैं तैयार हम राष्टीय रैली निकलेगी. जिसमें छत्तीसगढ़ से 25 हजार कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहेगी. बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को छत्तीसगढ़ से ले जाने पर भाजपा प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कांग्रेस पर तंज कसा है. उन्होंने कहा कि लोगों को खींच-खींच कर ले जा रहे हैं ये बड़े शर्म की बात है.



कांग्रेस स्थापना दिवस पर बीजेपी प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस का दावा हैं कि वो सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी है. स्थापना दिवस पर भी लोगों को ढोके ले जाना हैं, किसी को स्व स्फूर्त जाने की इच्छा नहीं हैं, किसी के दिल में कांग्रेस के लिए सम्मान बाकी नहीं हैं. ढोने के लिए जिला अध्यक्षों को दस गाड़ी, विधायकों को पचास गाड़ी, अब तो अधिकारी हैं नहीं, कांग्रेस का पूरी तरह से सूर्य का अस्त हो चुका हैं. लोगों को अपने स्थापना दिवस पर खींच-खींच के ले जा रहे ये बड़े शर्म की बात है.

गरीबों को अब फ्री में मिलेगी चावल इस बार बीजेपी प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा कि कांग्रेसी पार्टी जहां जातिगत जनगणना की बात करके आपस में लड़ाना चाहती हैं. वहीं पीएम मोदी ने कहा हैं कि मैं चार जातियों को मानता हूं. गरीब, किसान, महिला और नौजवान, बीजेपी इन चार जातियों पर काम कर रही हैं. किसानों को दो साल का बोनस दे दिया गया, 3100 रू में 21 क्विंटल धान की खरीदी चालू हो गई, युवाओं के लिए एक लाख भर्ती का प्रण हैं पुलिस विभाग में भर्ती भी शुरू हो गई, महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना चालू, हमारे घोषणा पत्र और मोदी के गारंटी में नहीं था कि हम मुफ्त चावल देंगे, अच्छी सरकार आती हैं तो अच्छा काम करती हैं.पूर्ववर्ती सरकार की योजनाएं बंद होने पर केदार गुप्ता ने कहा कि समय, काल, परिस्थिति के अनुरूप समाज की और जनता की जो आवश्यकता होंगी उसके अनुरूप योजनाएं शुरू होंगी या फिर उनकी समीक्षा करके उन्हें बंद किया जाएगा. जो भी निर्णय होगा जनता के हित में होगा और कांग्रेस पार्टी ने जो बंदरबांट किया था उसे बंद किया जाएगा।

### प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता ने मुख्यमंत्री साय का किया अभिनंदन

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने अंत्योदय राशन कार्डधारकों को अब निशुल्क चावल दिए जाने के प्रदेश की भाजपा सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का अभिनंदन किया है। श्री गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में सत्ता संभालते ही भाजपा की सरकार लगातार क्रांतिकारी निर्णय लेकर गरीब कल्याण व सुशासन स्थापित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्रित्व वाली सरकार ने मंगलवार को एक अहम फैसला लिया है कि अब अंत्योदय कार्डधारकों को, गरीबों को चावल निःशुल्क दिया जाएगा। इससे प्रदेश के लाखों परिवार लाभान्वित होंगे। श्री गुप्ता ने कहा कि यह निर्णय लेकर अब गरीबों का पेट भरने की चिंता पूरी तरह से सरकार ने अपने जिम्मे ले ली है। भाजपा की पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार के शासनकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने गरीब परिवारों को भूखे पेट नहीं सोने देने का जो संकल्प धरातल पर उतारा था, आज मुख्यमंत्री साय ने उसी संकल्प को एक नया आयाम देकर अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति की चिंता की है। श्री गुप्ता ने प्रदेश सरकार को अंत्योदय की सरकार बताते हुए इस फैसले को भाजपा के राजनीतिक चिंतन और वैचारिक अवधारणा का प्रतीक निरुपित किया।

# निःशुल्क नेत्र शिविर में 270 मरीजों के आंखों की जांच की गई



**रायपुर 27 दिसंबर।** भारतीय जैन संघटना जिला इकाई व्दारा भारतीय जैन संघटना एवं एमजीएम नेत्र संस्थान के संयुत तत्वाधान में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन जैन दादाबाड़ी, एम.जी. रोड़, रायपुर में आयोजित किया गया। इस नेत्र शिविर में लगभग 270 मरीजों की आंखों की जांच की गई और लगभग 75 मरीजों में मोतियाबिंद के मरीज मिले जिनका ईलाज एमजीएम नेत्र संस्थान में किया जावेगा। निशुल्क नेत्र शिविर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर पश्चिम के विधायक श्री राजेश जी मूणत थे। इस शिविर के लाभार्थी परिवार स्व. श्री आसकरण जी बैद की पुण्य स्मृति में धर्म सहायिका श्रीमति किरण देवी एवं पुत्र विनोद बैद एवं महेन्द्र बैद थे। जिनका सम्मान मुख्य अतिथि व भारतीय जैन संघटना की जिला इकाई ने स्मृति चिन्ह देकर किया। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मानवेन्द्र दफ्तरी, जिला महासचिव चित्रांक चोपड़ा, सचिव हर्षवर्धन बागमार, प्रदेश अध्यक्ष श्री मनोज जी लुंकड़, महासचिव विजय गंगवाल, बैभव गोलछा, लोकेश जैन, राजेन्द्र पारख, जिला इकाई के रोमिल छाजेड़, नरेन्द्र बाकलीवाल, नमन लोढ़ा, लवीश जैन, जैन दादाबाड़ी के कार्यकारी अध्यक्ष अभय भंसाली, चौबे-समता कालोनी शाखा के अध्यक्ष प्रदीप सांखला, भारतीय जैन संघटना के राष्ट्रीय सचिव पंकज चोपड़ा, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद लुणावत, राष्ट्रीय हैप्पी फैमिली प्रोजेट के हेड संजय सिंगी, वरिष्ठ सदस्य कन्हैयालाल जी बैद, सुरेश जी कांकरिया एवं एमजीएम नेत्र संस्थान के 14 डॉटरों की टीम की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### नुवामा वेल्थ ने एक नई शाखा के साथ भिलाई में अपने फुटप्रिंट का विस्तार किया

**रायपुर 27 दिसंबर।** नुवामा समूह की व्यक्तिगत संपत्ति शाखा, नुवामा वेल्थ, जो एचएनआई और समृद्ध वर्ग की वित्तीय जरूरतों को पूरा करती है, ने भिलाई में केंद्रीय रूप से स्थित एक नई शाखा खोलने की घोषणा की है। नुवामा वेल्थ हाय-नेट-वर्थ वाले व्यक्तियों (एचएनआई) और वेतनभोगी पेशेवरों की जरूरतों को पूरा करता है। पद्मा टॉवर, दूसरी मंजिल, 70-ए1, नेहरू नगर पश्चिम, केपीएस स्क्वायर के पास, भिलाई - 490020 के केंद्र में स्थित होने के कारण कंपनी ग्राहकों को बेहतर सेवा देने में सक्षम है क्योंकि वे सीधे शाखा प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर सकते हैं और उनके प्रश्नों का यथाशीघ्र समाधान जल्दी से जल्दी किया जा सकता है। यह शाखा ग्राहकों के व्यापक वर्ग तक पहुँचने में भी मदद करती है। वर्तमान में 70 स्थानों पर स्थित, नुवामा वेल्थ का लक्ष्य 2028 तक 300 से अधिक स्थानों तक अपनी पहुंच बढ़ाने का है। नुवामा वेल्थ ने पहले से ही एक हाइब्रिड बिजनेस मॉडल विकसित किया था जो लंबे समय में ग्राहक सेवा का एक अभिन्न अंग बन गया।

# कांग्रेस सरकार ने हसदेव में पर्यावरण स्वीकृति रद्द कर वन कटाई पर लगाई थी रोक

- भाजपा सरकार अडानी के हितों के लिये हसदेव अरण्य में पेड़ कटवा रही
- राहुल गांधी ने कहा था ईवीएम में बटन कमल पर दबेगा तो अडानी निकलेगा सही साबित हो रहा

**रायपुर 27 दिसंबर।** राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि जब विधानसभा के चुनाव हो रहे थे तब राहुल गांधी जी ने कहा था ईवीएम पर बटन कमल का दबेगा तो वीवीपैट से अडानी निकलेगा। राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही यह कथन सत्य साबित होने लगा है। भाजपा सरकार अडानी के हितों को सवंर्धित करने के लिये राज्य के जल, जंगल, जमीन खनिज संपदा को अडानी को सौपना शुरू कर दिया गया है। जैसे ही भाजपा की सरकार बनी हसदेव अरण्य क्षेत्र में वनों की अंधाधुंध कटाई शुरू की जा चुकी है। 50 हजार से अधिक पेड़ काटे जा चुके है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपनी सरकार के पाप को छुपाने के लिये कहते है हसदेव में कटाई के आदेश पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने दिये थे जबकि हकीकत यह है कि यहां पर कटाई के लिये आदेश और पर्यावरण स्वीकृत केंद्र की मोदी सरकार ने दिया था तथा कांग्रेस सरकार ने इस स्वीकृति को राज्य के स्तर पर निरस्त कर दिया था तथा केंद्र में भी इसे निरस्त करने के लिये पत्र लिखा था। 31.10.2022 को इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर सचिव ने भारत सरकार के वन महानिरीक्षक को पत्र लिखकर परसा ओपन कास्ट कोल माईंस कोल उत्खनन पर प्रतिबंध लगाने तथा वन कटाई के प्रस्ताव को निरस्त करने को कहा था। विधानसभा से भी कांग्रेस सरकार ने इस आशय का प्रस्ताव पारित करवा कर केंद्र को भेजा था कि हसदेव अरण्य क्षेत्र की सभी कोल खदानों को निरस्त किया जाये।

लेमरू एलिफेंट कारीडोर में मोदी सरकार के द्वारा आवंटित कोयला खदानों के खिलाफ भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में 27 जुलाई 2022 को प्रस्तावित प्रस्ताव पारित कर हसदेव अरण्य, तमोर पिंगला और कोरबा के हाथी रिजर्व क्षेत्र के वनों में कोल ब्लॉक आवंटन रद्द करने का संकल्प लिया था। इस दौरान मोदी सरकार के कोयला मंत्री ने रायपुर आकर यह भी कहा कि जहां पर कोल बेयरिंग एक्ट लागू होता है वहां पेसा कानून के प्रावधान लागू नहीं होते किसी के आपत्ति या सहमति से कोल खनन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा मोदी सरकार उस क्षेत्र में भी कोयले का खनन जारी रखेगी। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद अडानी को फायदा पहुंचाने पेड़ों की कटाई शुरू हो चुकी है।

भाजपा सरकार के बनते ही हसदेव में वन की कटाई से इस सरकार की नीयत और भविष्य की कार्ययोजना स्पष्ट झलक है यह सरकार अडानी के लिये, अडानी के हितों के लिये चलने वाली है। इसका जनता से कुछ लेना देना नहीं है। पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, महेन्द्र छाबड़ा, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र वर्मा, प्रवक्ता अजय गंगवानी, ऋषभ चंद्राकर, मतीन खान उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद ने माना कैम्प में वीर बाल दिवस मनाया

**रायपुर 27 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित खुला आश्रय , बाल गृह ( बालक ) माना कैम्प रायपुर में मुख्य अतिथि परिषद के महासचिव डॉ अशोक त्रिपाठी ने अपने उदबोधन में 500 वर्ष पूर्व सिक्खों के 10वें गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों जोरावर सिंह एवं फ़तेह सिंह के बलिदान की बात पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सिक्ख गुरू गोविंद सिंह ने इस्लाम धर्म नहीं अपनाया और अपना धर्म परिवर्तन नही किया जबकि उनके सामने उनके पुत्रों को औरंगजेब ने दीवार पर जिंदा चुनवा दिया । ज्ञात हो कि विगत वर्ष से 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रुप मे मनाने का निर्णय केन्द्र सरकार ने लिया है । विशेष अतिथि परिषद के संयुक्त सचिव राजेन्द्र निगम ने भी संबोधित किया और बच्चों को निडर होकर परिस्थितियों का सामना करने की बात कही । इसी प्रकार बाल गृह ( बालिका ) पुरानी बस्ती , स्पीच थैरेपी सेन्टर सप्रे स्कूल परिसर एवं बाल गृह (बालिका ) कोंडागाँव में भी वीर बाल दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया । संस्था में निवासरत बालक एवं बालिकाओं द्वारा गीत , नृत्य , कविता , प्रहसन एवं फैंसी ड्रेस प्रस्तुत किया गया । सभी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया । इस अवसर पर परिषद के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुये आने वाले वर्षों में इस आयोजन को और बड़े स्तर पर करने का सुझाव दिया ।



# छत्तीसगढ़ में सच्चे अर्थों में भरोसे की सरकार की स्थापना अब हुई है: संदीप शर्मा

**रायपुर 27 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश प्रभारी संदीप शर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार ने सत्ता सम्हालते ही छत्तीसगढ़ के किसानों को सन् 2014-15 एवं सन् 2015-16 के उपार्जित धान के बकाया बोनस का भुगतान करते हुए सुशासन दिवस के दिन



25 दिसम्बर को 3,716 करोड़ रुपए किसानों के खाते में सीधे जमा कर किया है। शर्मा ने कहा कि किसानों को दिए गए बोनस से किसानों के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन आएगा और अब किसानों का जीवन खुशहालीपूर्ण होगा। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश प्रभारी शर्मा ने

कहा कि इन दो वर्षों में 1 करोड़ 23 लाख 49 हजार 034 मीट्रिक टन धान की कुल खरीदी हुई थी। भाजपा की सरकार ने आरंभ में ही किसानों को 2 वर्षों के धान का बकाया बोनस का भुगतान कर दिया है। भाजपा की सरकार ने अभूतपूर्व कदम उठाया है। शर्मा ने कहा कि भाजपा ही किसानों की सच्ची हितचिंतक है। खाद की सब्सिडी, सॉइल हेल्थ कार्ड किसान सम्मान निधि जैसी अनेक योजनाओं से

केंद्र की मोदी सरकार ने किसानों को सीधा लाभ पहुंचाया है। 'मोदी की गारंटी' के तहत प्रदेश की भाजपा सरकार ने 31सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी भी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल देश के लिए ही नहीं, अपितु पूरी दुनिया के लिए आशा का केंद्र बिंदु हैं।

गांव-गरीब, मजदूर, किसान एवं महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार करने के लिए केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य की भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है। सभी योजनाओं के सफल संचालन की नजर रखने के लिए अटल मॉनीटरिंग पोर्टल की भी शुरुआत की गई है, जो सभी कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की पल-पल की जानकारी रखेगा। शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सच्चे अर्थों में भरोसे की सरकार की स्थापना अब हुई है।

### कमजोर वर्ग के परिवारों को स्वास्थ्य सुविधाओं का मिल रहा लाभ

# नन्हीं परी अद्वैता के लिए आयुष्मान कार्ड बना संजीवनी



**रायपुर, 27 दिसंबर।** आयुष्मान कार्ड नन्हीं परी अद्वैता के लिए बनी संजीवनीकेन्द्र सरकार लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सार्थक प्रयास कर रहा है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। धमतरी जिले के नगरी विकास खंड के ग्राम छिपली निवासी डिगेन्द्र कुमार के यहां 10 मई 2023 को बेटी का जन्म हुआ, परिवार में खुशी का माहौल था। बेटी का नामकरण किया गया और बच्ची का नाम अद्वैता रखा गया। जन्म के समय बच्ची का वजन मात्र 1300 ग्राम होने के कारण चिकित्सकों ने उसे बच्चों के विशेष अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी। डिगेंन्द्र ने चिकित्सकों से बातचीत की और आने वाले खर्च के बारे में पूछा! चिकित्सकों ने ईलाज और दवाईयां मिलाकर लगभग 5 लाख रुपए का खर्च बताया। डिगेन्द्र की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण 5 लाख का खर्च की बात सुनकर बड़ी चिंता सताने लगी कि इतने पैसों का इंतजाम कैसे होगा। उन्होंने बताया कि किसी परिचित ने उसे केंद्र शासन की आयुष्मान कार्ड योजना के बारे में जानकारी दी। डिगेन्द्र जागरूक नागरिक था उसने अपने और अपनी पत्नी के नाम से आयुष्मान कार्ड पहले से ही बनवा रखा था। उन्होंने चिकित्सकों से बात कर अपनी बच्ची अद्वैता को बच्चों के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। लगभग डेढ़ महीने बच्चे का ईलाज करवाने के बाद अद्वैता पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौटी है। अपनी लाडली नन्ही परी को देखकर पिता के आंखों में खुशी के आंसू झलक पड़ते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि आयुष्मान योजना का लाभ लेकर आज उनका आंगन खुशियों से भर गया। उन्होंने अन्य लोगों को भी आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया।



रायपुर 27 दिसंबर। मुख्यमंत्री पुलिस ग्राउंड हेलीपेड रायपुर से जिंदल एयरस्ट्रीप, रायगढ़ जिले के लिए रवाना।

# जीनियस पब्लिक स्कूल नगरी के यशस्वी ध्रुव का नेशनल क्रिकेट में चयन

**धमतरी/नगरी 27 दिसंबर।** जीनियस पब्लिक स्कूल नगरी में कक्षा 11वी में बॉयलॉजी लेकर पढ़ाई कर रही यशस्वी ध्रुव पिता श्री माखन लाल ध्रुव प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय नगरी का ड्यूजबॉल क्रिकेट में नेशनल स्तर पर खेलने हेतु चयन हुआ है वो अंडर 19 राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने अहमदाबाद जाएगी, इसके पीछे शाला के खेलकूद शिक्षक भानुप्रताप सिन्हा सर और यशस्वी की कड़ी मेहनत को जाता है,जीनियस पब्लिक स्कूल से हर साल बच्चे राज्य स्तरीय नेशनल खेलो में चयनित होते है शाला परिवार उक्त चयन से काफी प्रसन्न है और पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाए प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### आशीर्वाद ने आटे के लिए ग्राहकों को दिया 'क्वॉलिटी सर्टिफिकेट'

**रायपुर 27 दिसंबर।** भारत के नंबर 1 आटा ब्राण्ड आशीर्वाद ने एक महत्वपूर्ण और अनूठा कदम उठाते हुए अपना एक नया कैम्पेन 'लिख के ले लो' लॉन्च किया है। इसका मकसद ग्राहकों को आटे के जरूरी गुणवत्ता मानकों की जानकारी से लैस करना है। ऐसी उम्मीद की जा रही है इससे उन्हें सही निर्णय लेने में मदद मिलेगी। आज के दौर में ग्राहक भोजन में इस्तेमाल किए जाने वाले खाद्य पदार्थों को लेकर काफी सजग हो गए हैं और अक्सर उनकी गुणवत्ता जांचने के लिए उसकी सामग्रियों, स्रोत जैसी जानकारियां पाने की कोशिश करते हैं।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23